संक्षेप

## थानाध्यक्ष ने चौकीदारों के साथ की बैठक



सिद्धार्थ नगर। जिले के पथरा बाजार थानाध्यक्ष ने त्यौहार श्रावण मास के दृष्टिगत ग्राम चौकीदारों के साथ गोष्ठी किया गया। पुलिस, अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में अमित कुमार, थानाध्यक्ष पथरा बाजार ने 13.जुलाई को थाना स्थानीय पर त्यौहार श्रावण मास के संबंध में त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के ग्राम चौकीदारों से त्यौहार को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश- निर्देश से अवगत कराया गया।

## महिला गिरफ्तार

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योतिश्री के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह थाना को0 देहात बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में स्थानीय थाने पर दर्ज पर मुकदमा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित पीड़ित/अपहृत बालक की बरामदगी कर अभियुक्ता खुशबू पत्नी हुसैनी निवासी ग्राम- केवटहिया, थाना- उतरौला, जनपद- बलरामपुर को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्ता को जेल भेज दिया।

## हत्यारोपी घायल

मेरठ। जिले में नाबालिग लड़कों की हत्या के मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस पर कथित रूप से गोली चलाकर भागने की कोशिश कर रहा आरोपी मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने दो नाबालिग लड़कों के साथ कुकृत्य के प्रयास में उनकी हत्या कर दी थी। ग्राम नवाबगढ़ी निवासी आरोपी असद को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर नंगला ऑर्डर के जंगलक्षेत्र में साक्ष्यों की तलाश की जा रही थी। आरोपी ने पहले एक नीली पैंट (जो एक मृतक की थी) और एक रस्सी मिट्टी से निकाल कर पुलिस को सौंपी। वह हत्या में प्रयुक्त एक और रस्सी निकालने गया लेकिन उसी दौरान वह झाड़ियों में छिपाए तमंचे से पुलिस पर गोली चलाते हुए हुए भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। मौके से एक तमंचा, एक कारतूस, मृतक की पैंट तथा दो रस्सियां बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार, दो दिन पहले असद ने अपने मोहल्ले के 14 वर्षीय नाबालिग किशोर को घर से बुलाकर गला घोट कर हत्या कर दी थी और शव को खाली पड़े जर्जर मकान में फेंक दिया था। इससे पहले आरोपी ने अप्रैल में गांव के ही 11 वर्षीय एक बालक की भी इसी तरह गला दबाकर हत्या की थी।

## नामावली पुनरीक्षण की समय-सारिणी घोषित

श्रावस्ती। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अजय कुमार द्विवेदी ने जानकारी दी है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना दिनांक 11 जुलाई 2025 के तहत जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आंशिक ग्राम पंचायतों के विलय, विलोपन एवं मतदाता सूची प्रिंटिंग का कार्य 18 जुलाई से 13 अगस्त 2025 तक चलेगा। बीएलओ व पर्यवेक्षकों को कार्य क्षेत्र आवंटन, प्रशिक्षण और स्टेशनरी वितरण की कार्यवाही समानांतर चलेगी। 14 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करेंगे। इस दौरान 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम शामिल किए जाएंगे।

# मदरसा जामिया नूरिया फातिमा लिलबनात सील

## डीएम के राडार पर अब इकौना का मदरसा जामिया, संचालक सैय्यद सिराजुद्दीन से हुई पूछताछ

- 300 छात्र-छात्राएं गायब, सामान के सत्यापन की कार्रवाई शुरू

एसपी सिंह परिहार (vol)



**श्रावस्ती इकौना।** उतरौला बलरामपुर के चाँद औलिया के अनपढ़ छांगुर बाबा के गुनाहों का पिटारा अब और भी खुलता जा रहा है। शनिवार की शाम श्रावस्ती अंतर्गत इकौना के देहात के मजरा रहमानपुरवा में मदरसा जामिया अल लिल्बिनात में राजस्व कर्मियों एवं एस ओ जी के सयुंक्त टीम ने छापेमारी की। जिलाधिकारी अजय कुमार के निर्देश पर आला अधिकारियों की अगुवाई में घंटों तक की। छापे के तौर-तरीके और जांच जिलाधिकारी निर्देश के तहत हुए। इस छापेमारी के पीछे का असली मकसद सार्वजनिक नहीं किया गया। लेकिन लोग इस मदरसे पर छापेमारी को एक नेक पहल के रूप में देख रहे हैं। हालांकि जिलाधिकारी ने अपने वक्तव्य में एक बार भी छांगुर बाबा का नाम नहीं लिया। डीएम ने कहा कि वे अन्य बिंदुओं के साथ-साथ इस मदरसे में अध्ययनरत उन 300 छात्र-छात्राओं की तस्दीक कराना चाहते हैं कि जिन बालक बालिकाओं के नाम पते दर्ज हैं वह उस स्थान के निवासी हैं या फिर कोई झोल है। इसके पुष्टि के लिए एसओजी टीम को भी सहयोग हेतु शामिल किया गया है। हालांकि बाबा के वृहद नेटवर्क विस्तार के मद्देनजर उस मदरसे पर छापेमारी अहम मानी जा रही है। वहां क्या निकला, यह अभी नहीं कहा जा सकता है।

एक गांव देहात सूनसान इलाके में मदरसे के भवन की भव्यता यह बताती है कि इसके निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च हुए होंगे। इतनी बड़ी राशि खर्च करने में संचालक सलाहुद्दीन सक्षम नहीं है और न ही उससे जुड़े प्रबंधन तंत्र के पदाधिकारियों अथवा सदस्यों की हैसियत इतनी है। मिनी ताजमहल सरीखे बड़े भवन गोंडा जनपद के खोड़ारे क्षेत्र के खुर्द मढ़वा निवासी सैय्यद सिराजुद्दीन हाशमी ने इकौना क्षेत्र में आकर इतने बड़े भू-भाग में करोड़ों की लागत से मदरसा का निर्माण व संचालन क्यों किया? भले इसके पीछे कोई अनुचित मंशा न हो, लेकिन छांगुर बाबा के विस्तारित नेटवर्क के चलते यह जांच का विषय है। 300 छात्र-छात्राओं को मदरसे से अचानक क्यों हटाया गया? गैर मान्यता लिए मदरसा संचालन कैसे होता रहा? इस भवन के निर्माण के लिए कौन-कौन से दानवीर आगे आए? और उनके दान चंदा देने लेने का तौर-तरीका क्या रहा? जिलाधिकारी की नजरें इन अनसुलझे सवालों के तह में जाने के लिए इस मदरसे को जांच के राडार पर लिए हुए हैं।

मदरसा संचालक सिराजुद्दीन वर्ष 2013 में सपरिवार गुजरात के बड़ोदरा चला गया। उसका परिवार बड़ोदरा में ही रहता है और वह स्वयं इस वीरान बस्ती के भव्य मदरसे के चका चौध में ठिकाना बनाए हुए है। अब सवाल उठता है कि सिराजुद्दीन से छांगुर बाबा का कनेक्शन है भी या नहीं? क्या कारण है कि परिवार बड़ोदरा में और संचालक यहाँ? डीएम अजय कुमार द्विवेदी इन कारणों की तह में जाकर सुलझाने में जुटे हैं। यह भी सर्वविदित है कि डीएम द्विवेदी का कोई भी अभियान केवल दिखावा नहीं होता है उसके यथार्त बसंती सरीखे मनभावन होते हैं। अपने तैनाती के उपरान्त उन्होंने जिले के विकास व उत्थान के लिए उन्होंने जो बीड़ा उठाया था आज श्रावस्ती सुमधुर विकास पथ पर हठ खेलियां कर रही है।

डीएम अजय कुमार के हर अभियान उनके हृदय की गहराइयों में दृढ़ संकल्प से प्रेरित होते हैं। कुछ इनपुट के बाद डी. एम. नें इस मदरसे को राडार पर लेकर तहकीकात करा रहें हैं कि मानकों के कसौटी पर कितना खरा है? इसके तार कहीं राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से तो नहीं जुड़े हैं? डीएम अजय कुमार द्विवेदी गहराई से तहकीकात करा रहे हैं। परिणाम तो अभी भविष्य के गर्भ में है। इतना जरूर है कि यदि कुछ गड़बड़ी पाई गई तो शासन की मंशा के तहत कठोर कार्यवाही होगी जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

### मिले इनपुट के आधार पर की गयी छापेमारी: डीएम



जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि कुछ गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी उसी के आधार पर प्रबंधक से पूछताछ की गई है और बैंक विवरण भी लिया गया है, जिससे जांच हो सके और यह स्पष्ट हो सके कि यहां पर कोई असामाजिक गति विधि तो नहीं चल रही है।

### एसडीएम इकौना ने मीडिया से छुपाई जानकारी

जब मदरसे पर छापेमारी की कार्यवाही हो रही थी, वास्तविकता जानने के लिए संवाददाता द्वारा एसडीएम को फोन किया गया। तो फोन रिसीव नहीं किया गया गया। बस उनके द्वारा अपने कुछ चहेते पत्रकारों को जानकारी देकर बुलाया गया। जबकि लीडिंग समाचार पत्रों के संवाददाताओं से दूरी बनाए रखी। कुछ यूट्यूब चैनलों का प्रेम अपरंपार रहा कि लीडिंग समाचार पत्र व न्यूज चैनलों के प्रतिनिधियों को सूचना देना जरूरी नहीं समझा। लेकिन यूट्यूब चैनलों को सूचना देने में कोताही नहीं बरती। जबकि जिलाधिकारी की बिंदास कार्यशैली ही अलग है। वहीं डीएम आवश्यक समाचारों को पत्रकारों से साझा करने में सदैव अग्रणी रहते हैं।

# चंदौली में नाबालिग से गैंगरेप, गर्भवती होने पर खुला मामला

जिला संवाददाता (vol)

**चंदौली।** जिले के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ चार लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़िता के पांच माह की गर्भवती होने पर यह मामला सामने आया और प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, घटना पांच माह पहले की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि मुगलसराय थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की इस साल फरवरी में भोर में घर के बाहर साफ-सफाई कर रही थी, तभी कुछ युवक उसे एक मकान में जबरन ले गए और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के मुताबिक, इसके बाद आरोपियों ने उसे घटना के बारे में किसी को भी बताने से मना किया और डराया- धमकाया जिससे वह सहम गई और चुप्पी साध ली।

तहरीर में दावा किया गया है कि हाल में परिजनों ने उसके शरीर में बदलाव देखा तो पूछताछ की जिसके बाद पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। मुगलसराय थाना के प्रभारी निरीक्षक गगनराज सिंह ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई पीड़िता के परिजनों ने इस मामले में तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। एसएचओ ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राही पटेल, दिनेश पटेल व विकास विश्वकर्मा शामिल हैं और ये सभी पड़ाव के रहने वाले हैं। एक आरोपी अभी फरार है, लेकिन उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। थानेदार ने कहा कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है।

# बदले की भावना से काम कर रही भाजपा सरकार : राकेश यादव

- सपाइयों ने की मासिक बैठक

बलरामपुर। विधानसभा क्षेत्र के कन्या इंटर कालेज मझौली गैसड़ी प्रांगण में सामाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष माणिक लाल कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया गया। पीडीए का नारा साकार करने के लिए कार्यकताओं को युद्धस्तर पर लगने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राकेश यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बदले की भावना से कार्य करती है, चन्दनपुर जैतापुर मार्ग का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव दिया गया था लेकिन स्वीकृति नही मिली जिससे सड़क का निर्माण अधर में पड़ा है सड़क निर्माण के लिए 71 करोड़ 56 लाख रुपये का पुनः प्रस्ताव भेजा गया है विधवा, वृद्धा व दिव्यांग पेंशन दिलाने में पात्रों का सहयोग करने की अपील की है। 2027 में सपा की सरकार बनाने के लिए पीडीए का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को गांव-गांव जाने के लिए प्रेरित किया। मतदाता सूची से वंचित लोगों का नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म भरवा कर निर्धारित समयानुसार जमा करायें। वहीं कार्यकताओं को संबोधित करते पूर्व जिला पंचायत सदस्य नूरूल हसन खां ने कहा कि चुनाव नेता अपने दम पर नही बल्कि कार्यकर्ता के दम पर लड़ता है हर कार्यकर्ता सपा का सिपाही है सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर पूर्व सपा शासनकाल में संचालित की गई योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। माणिक लाल कश्यप जिलाध्यक्ष, विकास मंत्री समीउल्ला खां, सब्बू खां पूर्व ब्लाक प्रमुख, मो उमर ब्लाक अध्यक्ष, अब्दुल अहद ब्लाक अध्यक्ष, नूरूल हसन खां, रामनिवास पाल, हनोमान मौर्या, रामनिवास भारती, द्वारिका प्रसाद प्रजापति, विनय कुमार यादव, रमेश चन्द्र यादव, सिपाही यादव, समी चौधरी व मोहन लाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महबूब आलम ने किया।




# आबकारी व लीलापुर पुलिस की छापेमारी में शराब व लहन बरामद

- 400 किलो लहन किया गया नष्ट, 200 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन आरोपियों पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर बल्दियान गांव में रविवार को आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में अवैध शराब बनाने का मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान 400 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया, जबकि 200 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम के साथ गांव में छापेमारी की गई। मौके पर अवैध शराब निर्माण की बड़ी मात्रा में सामग्री मिली। पूछताछ और साक्ष्य के आधार पर गांव के तीन लोगों—भुल्ले सरोज, अयोध्या सरोज (पुत्रगण दुखी सरोज) और दयाराम सरोज (पुत्र झग्गू सरोज), निवासी हण्डौर बल्दियान—के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आबकारी व पुलिस विभाग की यह कार्रवाई अवैध शराब कारोबार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से की गई। बरामद लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया और शराब को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस दौरान गांव में भारी पुलिस बल की उपस्थिति रही और स्थानीय लोगों में हड़कंप का माहौल रहा। आबकारी टीम ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नेत्र शिविर में 395 मरीजों की आंखों की हुई जांच



प्रतापगढ़। साइट सेवर इंडिया एवं सदगुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट के सहयोग से रविवार को पंचायत भवन समापुर में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 395 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें से 260 मरीजों को निःशुल्क चश्मा एवं आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। जांच के दौरान पांच मरीजों की स्थिति को गंभीर पाते हुए उन्हें ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रेफर किया गया।

शिविर का उद्घाटन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन रामू मिश्रा द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. अनुज द्विवेदी, डॉ. हिमांशु सेंगर एवं डॉ. राम अवतार की चिकित्सकीय निगरानी में जांच की गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजू पांडेय, प्रधान संतराम वर्मा, राधेश्याम मिश्रा, सालिक तिवारी, रामलखन भारती, दीपू सिंह, सोनू उपाध्याय, रज्जन शुक्ला, पूर्व प्रधान आलोक सिंह, मनोज मिश्रा, बीडीसी सदस्य शिवकुमार जायसवाल, बच्चा मिश्रा, मुरली वर्मा, नन्हे राइन, पिंटू मिश्रा, विशाल मोदनवाल, संजय शुक्ला और पूर्व प्रधान विंदेश्वरी सरोज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

# नपा अध्यक्ष ने दुरूस्त की कांवरियों की सुविधा



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी नपा कस्बा स्थित राप्ती नदी तट पर सावन के पहले सोमवार को आने वाले कांवड़ियों की भारी भीड़ के मद्देनजर नगर पालिका अध्यक्ष व अध्यक्ष प्प्रतिनिधि ने सुरक्षात्मक व्यवस्था दुरुस्त किया गया है, जिसका जायजा नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी व प्रतिनिधि मो इदरीश पटवारी ने किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। राप्ती नदी तट पर कांवड़ियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए कच्चा घाट का निर्माण, नदी में बैरिकेडिंग का काम चल रहा है। यहां कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए नाव की व्यवस्था किया गया है। बताते चले कि कि सावन के पहले सोमवार को कस्बे के कांवरिया संस्कार मित्र मंडली की अगुवाई में सुरसा मंदिर पर इकट्ठा होकर भारी संख्या में राप्ती नदी तट पर आते है और यहां जल भरने के बाद नगर में भ्रमण कर सभी शिवालों और मंदिर में जल चढ़ाते हैं। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल होते है। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसको ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि घाट सहित नगर की सभी मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था की बेहतर व्यवस्था किया जाए। इस अवसर पर बजरंगदल के अंगद वर्मा, प्रमोद कुमार हिन्दू, सफाई प्रभारी राजकुमार पांडेय, रामचरण यादव, प्रमोद अग्रहरी, सफिउर्रहमान छोटू लिपिक जमील अहमद आदि मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था दुरूस्त, व्यापारी दुकानदारों को मिलीं राहत

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी कस्बे में नालें की सफाई होने से स्थानीय व्यापारी दुकानदारो को राहत तो मिला है, व्यापारियों की मांग और विधायक जय प्रताप सिंह की पहल पर रविवार को एन एच 28 रोडवेज चौराहा पर ह्यूम पाइप से बने क्रास नाले की सफाई हरिजंटल डायरेक्शनल ड्रिलिंग मशीन से किया गया। विदित हो कि बीते दिनों हुए बरसात से दो बार कोतवाली सड़क मार्ग पर काफी जलजमाव/जलभराव हो गया था और दुकानों में पानी भर गया था जिससे दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ था। जिसके सम्बन्ध में व्यापारियों ने विधायक बांसी जय प्रताप सिंह को समस्या से अवगत कराया स्थलिय निरीक्षण के बाद विधायक जय प्रताप सिंह ने समस्या के समाधान हेतु अधिकारियों से बात किया गया, आज ह्यूम पाइप नाला की सफाई हो जाने से जल जमाव जलभराव की समस्या से कुछ राहत तो मिलेगा पर विडम्बना इस बात का है कि समस्याओ का स्थाई समाधान नहीं हो सका है। सम्बंधित का कहना है कि उक्त नाले का बेड लेबल सही नहीं है जब तक इसे तोड़कर आर सी सी नाला नहीं बनाया जाएगा तब तक समस्या का समाधान स्थाई रूप से नहीं होगा। विदित हो कि पहली बार बरसात होने पर कोतवाली सड़क मार्ग पर जलजमाव जलभराव हुआ तो इसके लिए नगर पालिका और प्रशासन ने काफी जतन किया कि दोबारा जलभराव न हो लेकिन सारे जतन नाकाम रहे दोबारा बरसात होने पर पुनः जलजमाव /जलभराव हो गया। जिससे यहां के व्यापारी काफी परेशान हुए और अपनी समस्या से क्षेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह को अवगत कराया। मौके पर उनके पहुंचने पर लोगो ने उन्हें कराया कि एन एच को क्रास कर जो ह्यूम पाइप का नाला बना है वह कई वर्षों से साफ नहीं हुआ है। इसके साफ होने से समस्या का समाधान हो सकता है।

## जमुनहा बाजार में जलनिकासी के लिए नाले का निर्माण कार्य शुरू



श्रावस्ती जमुनहा। तहसील जमुनहा के जमुनहा बाजार में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण विगत कई वर्षों से सड़कों पर गंदा पानी जमा रहता था, जिससे बाजार के दुकानदारों, निवासियों, ग्राहकों और विद्यालय जाने वाले बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के निराकरण हेतु स्थानीय लोगों ने कई बार मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी श्रावस्ती को आवेदन पत्र देकर गुहार लगाई थी। जिलाधिकारी श्रावस्ती ने बाजारवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नाला निर्माण कराकर जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) जमुनहा को दिया। निर्देश के क्रम में नाले का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नाले को जमुनहा बाजार के समीप स्थित तालाब से जोड़कर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में नाले की खुदाई कार्य जेसीबी मशीन से तेजी से कराया जा रहा है।

## खेत में धान की फसल ट्रैक्टर से जोतकर नष्ट, तीन पर केस

प्रतापगढ़। खेत में लगी धान की फसल को जबरन नष्ट करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना लालगंज कोतवाली क्षेत्र के सराय जानमती गांव की है। गांव निवासी प्रेम नारायण ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 11 जुलाई की रात उसके खेत में खड़ी धान की फसल को पड़ोसियों ने ट्रैक्टर से जोत कर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। आरोप है कि घटना सुनियोजित ढंग से की गई और लगभग 50 हजार रुपये की फसल को जानबूझकर नष्ट कर दिया गया। प्रेम नारायण की शिकायत के आधार पर गांव के रामचंद्र पुत्र पंचम, सुनीता पत्नी रामचंद्र और अंकित पुत्र रामचंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में लालगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है। वहीं, पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी सोमवार को सावन के पहले सोमवार पर बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचेंगे। वह दोपहर 12 बजे बाबा का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन करेंगे। इससे पूर्व वह क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर शोक संवेदना कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रमोद तिवारी सुबह 11 बजे कुंभीआईमा गांव जाएंगे, जहां वह अधिवक्ता इरफान अली के निधन पर उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करेंगे। इसके बाद 11:30 बजे खानीपुर में पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देंगे। इन कार्यक्रमों के बाद वह सीधे बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचेंगे और दोपहर 12 बजे जलाभिषेक कर धार्मिक अनुष्ठान करेंगे। सावन के पहले सोमवार को बाबा धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में उनके आगमन को लेकर भी सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियां की जा रही हैं। पारंपरिक रूप से सावन में प्रमोद तिवारी का बाबा घुइसरनाथ धाम आना वर्षों से होता आ रहा है, जिसे लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में उत्साह रहता है। उनके दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में भी सक्रियता देखी जा रही है।

## एक पेड़ मां के नाम पर हु आ पौधरोपण




बलरामपुर। जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वामा सारथी की अध्यक्षा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा पुलिस लाइन बलरामपुर परिसर में पौधारोपरण किया गया। वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती आस्था बदालिया पत्नी विकास कुमार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योतिश्री व श्रीमती शिप्रा पत्नी राघवेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी उतरौला द्वारा पुलिस लाइन बलरामपुर परिसर में पौधारोपरण किया गया। इस अवसर पर रिक्रूट महिला आरक्षी, पुलिस परिवार की महिलाये व बच्चों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

## कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमींन की धोखाधड़ी में तीन गिरफ्तार



बलरामपुर। थानाकोतवाली नगर जनपद बलरामपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तअभियुक्त बृजराज सिंह पुत्र महीपाल सिंह . विभा सिंह पुत्री राज कुमार सिंह . संध्या सिंह पत्नी श्याम सिंह को भिन्न-भिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रिजवान अहमद पुत्र स्वर्गीय रसीद अहमद मोहल्ला पुरैनिया तालाब वार्ड- नई बाजार थाना- कोतवाली नगर बलरामपुर द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया गया कि विपक्षीगण द्वारा प्रार्थी की खाली जमीन को हड़पने व अवैध कब्जा करने के लिये तत्कालीन चकबंदी अधिकारी बलरामपुर व हल्का लेखपाल के साथ मिलकर फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार व षड्यंत्र कर प्रार्थी का गाटा सं० 1655 तथा 1671 का फर्जी वसीयतनामा स्व० मो० शाह पुत्र वजीर खां के स्थान पर चिथरू नामक व्यक्ति को जीवित मो० शाह बनाकर रजिस्ट्री आफिस में खड़ाकर मन्नरमाला पत्नी जुम्मन पता कालीथान को० बलरामपुर देहात बलरामपुर के हक में रजिस्ट्री आफिस जनपद गोण्डा में वसीयतनामा रजिस्ट्रीकृत करवा लेना व प्रार्थी की भूमि गाटा संख्या-1655 पर विपक्षीगण ने अवैध रूप से अतिक्रमण करके ढाबा रखकर कब्जा कर रखा है और प्रार्थी व प्रार्थी के सह खातेदरों के बोलने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में तहरीर दिया। उक्त अभियोग से सम्बन्धित एक अभियुक्त व 2 अभियुक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

संक्षेप

## लूट की गढ़ी झूठी कहानी मित्र के खिलाफ दे दी तहरीर

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के जमीन लौहररपुर निवासी भोला यादव ने हीरो कम्पनी से फाइनेंस कराकर स्पलेंडर प्लस वाइक फाइनेंस करायी कुछ किस्त जमा करने के बाद गाड़ी की किस्त जमा नहीं किया तो फाइनेंस कम्पनी के फाइनेंसर ने वाइक उठा ले गया। लगभग दो माह बीत जाने पर अपने मित्र गौरपार गगहा निवासी प्रदुम्न यादव से कहा की गाड़ी मेरी खिंच गयी है उसे छुड़ा लिजिए और चलाइए जब हम आपको पैसा देंगे तो गाड़ी दे दिजिएगा मित्र ने भरोसा करते हुए 10 जुलाई को 9050 रू जमा कर गाड़ी छुड़ा ली एक दिन बाद भोला यादव फिर मित्र के पास पहुंचे और बहन की तवियत खराब बताते हुए वाइक मांग ली और कहा वापस आकर दे देंगे लेकिन वह वाइक लेकर घर चला गया।12 जुलाई को को एक लिखित सुलहनामा बनाया की 10 दिन के अन्दर आपका पैसा देकर अपनी वाइक ले लेंगे लेकिन दुसरी तरफ भोला ने गगहा पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि मेरी वाइक स्कार्पियो सवार युवक मारपीट कर छिन लिए पुलिस ने आरोपी को थाने बुलाया तो युवक वाइक के साथ थाने पहुंचा पुलिस ने उसे मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी। आरोप है कि थाने का एक चर्चित सिपाही ने 40 हजार की डिमांड की पैसा नहीं देने पर जेल जाना पडेगा थक हार कर उसने अपने भाई को फोन किया तो उसके भाई ने घर का जेवर बंधक रखकर पैसा लेकर थाने पहुंचा तब सिपाही ने कार में बैठकर 40 हजार रुपए ले लिया और बिना वादी के सुलहनामा बनाकर आरोपी युवक को छोड़ दिया।

## विवाहिता ने लगाई फांसी पति समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हटवा के मंझरिया निवासी 22 वर्षीय प्राची विश्वकर्मा पत्नी संदीप विश्वकर्मा शनिवार की रात करीब 9 बजे अपने कमरे का दरवाजा बन्द कर रोशनदान में साड़ी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतका की मां मालती देवी की तहरीर पर गगहा पुलिस ने पति,सास ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। गगहा क्षेत्र के मंझरिया निवासी संदीप विश्वकर्मा की शादी खजनी थाना क्षेत्र के सरया तिवारी में लगभग ढाई माह पूर्व 25 अप्रैल 2025 को प्राची के साथ हुई थी शादी के एक सप्ताह बाद लड़की की विदाई गवना हुआ था ससुराल में वह खुशी खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रही थी पति संदीप वेल्डिंग का मिस्त्री है जो उसी के सहारे परिवार का भरण-पोषण करता था श्वसुर कारपेंटर का कार्य करता है। शनिवार की शाम फोन पर बात कर चाय बनाकर पी और सबको पिलाई शाम को अपने कमरे में जाकर कमरा बन्द कर ली कुछ देर बाद पति ने दरवाजा खुलवाया तो नहीं खोली तो रोशनदान के रास्ते देखा तो वह साडी के फंदे के सहारे रोशन दान से लटकी हुई थी उसने तुरंत दरवाजे को पैर से मारकर खोला और उसे उतारकर गगहा एक प्राइवेट नर्सिंग होम पर ले गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया परिजन शव लेकर घर आए और इसकी सुचना गगहा पुलिस व मायके वालों को दी सुचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। इधर मायके वाले भी सुचना मिलते ही गगहा पहुंचे ।मृतका की मां मालती देवी ने पति सास व श्वसुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न करने की तहरीर दी ।

# मानव तस्करी गिरोह का सरगना गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर** । गोरखपुर जिले में पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय मानव तस्करी गिरोह के कथित सरगना को रविवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह मुठभेड़ पिपराइच इलाके में तड़के करीब चार बजे हुई।

उन्होंने बताया कि आरोपी मोहर्रम उर्फ राहुल एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल लेकर हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था तभी उसे रोकने की कोशिश में चलायी गयी गोली उसके पैर में लग गई और इसके बाद उसे हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महराजगंज के निचलौल के बूढ़ाडीह निवासी मोहर्रमको पहले भी मानव तस्करी के एक मामले में हिरासत में लिया गया था।

उन्होंने बताया कि वह हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों से युवतियों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुख्य सदस्य है और वह न केवल लड़कियों को राज्य की सीमाओं के पार बेचता था, बल्कि उन्हें देश के खिलाफ भड़काता भी था। तस्करी गिरोह के कई सदस्यों को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया था और पूछताछ में पता चला कि मोहर्रम गिरोह का सरगना है। श्रीवास्तव ने बताया कि पिपराइच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच की जा रही है ताकि व्यापक नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके और आरोपी के अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधों का पता लगाया जा सके।

# समाजसेवी ने ऊर्जा मंत्री का किया भव्य अभिनंदन



गोला, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के उर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए0 के0 शर्मा के चिल्लूपार दौरे के दौरान बड़हलगंज से ऊरूवा के बीच हर चौराहों पर में कार्यकताओं एवं समर्थकों ने ढोल-नगाड़े के साथ फूल-मालाओ से लाद उनका भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी के साथ उर्जा मंत्री एके शर्मा के मदरिया चौराहे पर पहुंचते ही प्रधान प्रतिनिधि समाजसेवी अखिलेश दूबे उर्फ नन्हे दूबे के नेतृत्व में कार्यकताओं एवं समर्थकों ने मंत्री जी को एक बड़ा माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। मंत्री जी को माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत करने की कार्यकताओं में होड़ रही। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीराम यादव, प्रधान दीनानाथ यादव, आनन्द यादव, अजय मिश्रा, सूरज कुमार समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर पुलिस पर रुपये मांगने का आरोप

- पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया प्रार्थना पत्र

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के रानीपार निवासी पीड़ित ने सीएम पोर्टल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए गगहा पुलिस पर पैसा मांगने व पैसा देने से मना करने पर पीड़ित के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया है। गगहा थाना क्षेत्र के रानीपार गांव में एक विवादित जमीन को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये है जमीन पर कब्जा दिलाने के एवज में पुलिस ने पचास हजार रुपए की मांग की, न देने पर पीड़ित को गाली गुप्ता देकर खदेड़ दिया गया तथा दुसरे पक्ष को कब्जा कराने का आरोप पुलिस पर लगाया ।पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दिया है। सोमवार को ए डी जी से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देगा।

महराजगंज जनपद के निचलौल थाना क्षेत्र के रामचन्द्रही के रामसिंह व लालसिंह के दादा तीरथ के नाम से गगहा के रानीपार में जमीन है। बताया जाता है कि पीड़ित का पट्टीदार उस जमीन को दूसरे गांव के तीरथ नाम के एक व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी तरीके से उस जमीन को अपने पत्नी के नाम करा लिया। जानकारी होने पर प्रार्थी गण उपजिलाधिकारी बांसगांव के कोर्ट में वाद दाखिल किया कई साल तक मामला चलने के बाद फर्जी तरीके से कराए गए नाम को निरस्त कर दिया गया। इसी दौरान उस जमीन पर नाम निरस्त होने के बाद उसने उस जमीन पर कब्जा जमा लिया। प्राथी गण ने इसकी शिकायत जन सुनवाई पोर्टल पर की और हल्का दरोगा मौके पर जाकर दोनों पक्षों को उस पर कोई कार्य करने से रोक दिया और रिपोर्ट लगा दिया कि दोनों लोग उस जमीन पर कोई कब्जा विना न्यायालय के आदेश से नही कर सकतें हैं। लेकिन पुनः दोनों पक्षों को गगहा थाने पर बुलाया गया थाने पर एक दरोगा ने कहा एसओ साहब पचास हजार रूपए मांग रहे है दे दो तो तुम्हारा कब्जा दिलवा देंगे नहीं दोगे तो विपक्षी को कब्जा दिला देंगे इसी बात को लेकर एसओ के पास गये तो वे आगबबूला हो गए ।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी गगहा सुशील कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में है जमीन सम्बंधित विवाद है दोनों पक्षों को शनिवार को समाधान दिवस पर बुलाया गया था लेकिन एक पक्ष थाने नहीं आया उनके द्वारा लगाए गये आरोप निराधार है।

# आप पार्टी अकेले दम पर लड़ेगी पंचायत चुनाव 2026

## आप नेता संजय सिंह गोरखपुर में भाजपा पर जमकर बरसे



जिला संवाददाता, गोरखपुर। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सासंद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने देश और खासकर उत्तर प्रदेश की जनता को निराश किया है। शिक्षा, बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी जरूरतें, जो हर नागरिक का हक हैं, उनसे जनता को दूर किया जा रहा है। भाजपा ने सिर्फ आडाणी को फायदा पहुंचाया और देश को निराश किया है। ये बातें आप के वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सासंद संजय सिंह कही। वे रविवार को गोरखपुर में आयोजित पूर्वांचल कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि शामिल संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर आगमन पर कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों को मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए योगी सरकार 2024 में 27308 मधुशालाओं को खोल दिया है जबकि 26000 सरकारी स्कूलों को बंद किया है और अब 2025 में 27000 और सरकारी स्कूल बंद करने जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी स्कूल बचाओ अभियान चला रही है और मैं स्वयं उत्तर प्रदेश के गांव में जा रहा हू जहां सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं गांव में आज भी बहुत गरीबी है ।बच्चों के पैर में चप्पले नहीं हैं, तन पर कपड़ा नहीं है,उनके भोजन और शिक्षा का इंतजाम का एकमात्र आधार वही सरकारी स्कूल है ।दरअसल योगी सरकार सरकारी स्कूल नहीं बंद कर रही है बाबा साहब अम्बेडकर के उस सपने को कुचल रही है जिसमें वह शिक्षा को शेरनी का दूध मानते थे और कहते थे कि जो पियेगा वही दहाड़ेगा।

कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला, कहा कि भाजपा की सरकार केवल अपने उद्योगपति मित्र अडाणी के फायदे के लिए काम करती है और सरकारी संस्थाओं को बेचना चाहती है।

उन्होने कहा कि पार्टी अब गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करेगी। पंचायत चुनाव 2026 में अकेले उतरने की घोषणा कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान संजय सिंह ने ऐलान किया कि आम आदमी पार्टी 2026 के पंचायत चुनाव जिसमें जिला पंचायत, बीडीसी और ग्राम पंचायत स्तर के चुनाव शामिल हैं अकेले दम पर लड़ेगी।

सम्मेलन के अंत में कार्यकताओं ने एक सुर में डॉ. संजय सिंह को 2027 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश को एक ईमानदार और विकासशील सरकार की जरूरत है, और संजय सिंह इसके लिए सबसे उपयुक्त विकल्प हैं। संजय सिंह ने महाराष्ट्र की स्थिति पर भी चिंता जताई, उन्होंने कहा कि वहां हिंदी भाषी लोगों को निकाला जा रहा है और उनके साथ अन्याय हो रहा है। आम आदमी पार्टी इस अत्याचार का कड़ा विरोध करती है। सम्मेलन को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव, पूर्वांचल प्रांत के अध्यक्ष राजेश यादव ने निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी एवं दिल्ली गोकुलपुरी के विधायक सुरेंद्र चौधरी, पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ अनुराग मिश्र, निवर्तमान महासचिव दिनेश सिंह पटेल ,अवध प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने संबोधित किया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आजमगढ़ से कमलेश सिंह रविन्द्र यादव, बलिया से प्रदीप कुमार, जौनपुर से राम रतन विश्वकर्मा, अम्बेडकरनगर से डॉ शरफुद्दीन, ब्रजेश कुमार, देवरिया से हरिनारायण चौहान ,कुशीनगर से रमाकांत कुशवाहा ,महराजगंज से अजीत श्रीवास्तव, रामकुमार पटेल सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरखपुर के जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव ने की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी प्रवीण यादव ने किया।

# नगर पंचायत अध्यक्षों ने दी अपर जिलाधिकारी प्रशासन को विदाई

- सेवानिवृत्ति तक प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय का भी रहा दायित्व
- अयोध्या में अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था के दायित्व का किया निर्वहन



गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के अपर जिलाधिकारी प्रशासन व प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत पुरुषोत्तम दास गुप्ता का विदाई समारोह नगर पंचायत अध्यक्षों के द्वारा स्थानीय होटल में आयोजित किया गया। सेवानिवृत्ति तक उपरोक्त पद के अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय के दायित्व का भी निर्वहन इन्होंने किया। इस दौरान इन्होंने गोरखपुर में महामहिम राष्ट्रपति के दौरे के कारण सेवानिवृत्ति की तिथि के दो दिनों बाद तक कार्य किया।

उल्लेखनीय है कि अपर जिलाधिकारी के महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए श्री गुप्ता ने अपने कार्यव्यवहार से सबको प्रभावित किया ।गोरखपुर आने से पूर्व उन्होंने तीन साल तक अयोध्या में अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था के महत्वपूर्ण पद का दायित्व निभाया।

नगर पंचायत अध्यक्षों द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह देकर अपर जिलाधिकारी को भावभीनी विदाई दी गयी ।इस अवसर पर श्री गुप्ता ने अपने कार्यकाल से जुड़े अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर पंचायत बड़हलगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर, नपं उरूवा बाजार के अध्यक्ष प्रतिनिधि नवीन कुमार सिंह ₹मुन्नाₗ, नपं सहजनवां अध्यक्ष प्रतिनिधि जीएम सिंह, नपं पीपीगंज अध्यक्ष लक्ष्मन विश्वकर्मा, नपं अध्यक्ष घघसरा प्रभाकर दुबे, नपं पिपराइच अध्यक्ष संजय मद्धेशिया, नपं कैम्पियरगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल सिंह, नपं उरूवा बाजार के अधिशासी अधिकारी मनोज मिश्रा, नपं बड़हलगंज/उरूवा बाजार लिपिक सुनील कुमार, संपादक सूर्य प्रकाश गुप्ता, ठेकेदार अखिलेश यादव,अशोक कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थें।

# वित्त विहीन प्रबधंकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही : जय प्रकाश मिश्र

चौरीचौरा, गोरखपुर। उप्र0 वित्त विहीन चौरीचौरा के विकास खंड प्रवन्धक संघ सरदार नगर की मासिक बैठक सरदारनगर क्षेत्र के फुटहवा इनार स्थित एस वी पब्लिक एकेडमी में रविवार को की गई ।बैठक कार्यक्रम के आयोजक विजय नारायण वर्मा ने सभी प्रबंधको का स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष जयप्रकाश मिश्र ने कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा प्रबंधकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं कियाजाएगा। उन्होंने संगठन मजबूती के लिए सभी प्रबंधकों से अपील किया। गोरखपुर जिलाध्यक्ष मनोज यादव द्वारा सरदारनगर ब्लाक के पदाधिकारियों का नया गठन किया गया ।सरदारनगर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चंद्र यादव को प्रदेश सचिव एवं डी एन दूबे को जिला उपाध्यक्ष, तथा ओम प्रकाश उपाध्याय को सरदारनगर ब्लॉक अध्यक्ष, डॉ. राम सजीले यादव को ब्लॉक उपाध्यक्ष, भगवती प्रसाद गुप्ता को संरक्षक, संतोष मौर्य को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, मोहन पाल को ब्लॉक संगठन मंत्री एवं सोनू जायसवाल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

उक्त अवसर पर शैलेंद्र शर्मा, कैलाश सिंह, राम प्रकाश मिश्र, अंशुमान मणि त्रिपाठी, दिनेश पांडेय, सत्य प्रकाश, राजन, मनोज यादव, डॉ. जेबी सिंह, नवीन श्रीवास्तव, महेंद्र उपाध्याय, शंभूनाथ विश्वकर्मा, मनोज जायसवाल, प्रदीपजायसवाल, नर्वदेश्वर गिरी, राकेश यादवअखिलेश मिश्रा, सुरेंद्र मिश्र, राहुल पासवान, बीएन जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## गुरु तेग बहादुर की संदेश यात्रा का स्वागत हुआ



इटावा। गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा का गुरुद्वारा तेग बहादुर पर शनिवार रात्रि पहुंचने पर अध्यक्ष तरन पाल सिंह कालरा के नेतृत्व में सिख, पंजाबी व सिंधी समाज ने एक साथ मिलकर जोरदार स्वागत किया। सन्देश यात्रा का नेतृत्व कर रहे अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर शनिवार को सुबह गुरुतेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित तेग बहादुर संदेश यात्रा का फूल बरसाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और वहीं से संदेश यात्रा का शुभांरभ हुआ ।संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुर, इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चैक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब पर इटावा की संगत ने फूल मालाओं और फूल बरसाकर यात्रा के साथ आए श्रद्धालुओं दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन कुलवीर सिंह कहलो, सेक्रेटरी जसमेन सिंह, मनजीत सिंह, गुरमीत सिंह और कानपुर से यात्रा में शामिल हुए रमिंदर सिंह रिंकू व हरमीत सिंह का भव्य स्वागत जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल जैसे गगन भेदी नारों के साथ किया। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने पंज प्यारयों के साथ आए सभी श्रद्धालुओं का माल्यार्पण और सिरोपा पहनाकर स्वागत किया गया। संदेश यात्रा की अगुवाई करने वाले सभी श्रद्धालु इटावा संगत द्वारा किए गए स्वागत व सम्मान से बहुत खुश हुए और उन्होंने इटावा की संगत की भूरि भूरि प्रशंसा की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा ने कहा कि हमें जो भी निर्देश मिले हैं हम सभी उसका पूर्ण श्रद्धा के साथ पालन करेंगे। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से आए हुए सभी विशिष्टजनों का स्वागत सम्मान करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया। स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों में मनदीप सिंह, सरदार मोहन सिंह, चरणजीत सिंह, राजू गुलाटी व दीपू अरोड़ा का सराहनीय सहयोग रहा।

## 50 मेधावियों को किया गया सम्मानित



इटावा। परशुराम सेवा समिति द्वारा मेधावी सम्मान व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह रविवार को शक्तिधाम समारोह स्थल महेरा चुंगी इटावा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम पूजा अर्चना के साथ हुआ स कवियत्री गीता चतुवेर्दी ने माँ सरस्वती वंदना पढ़ी। प्रसिद्ध भजन गायक प्रखर गौड़ ने भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के वर्ष 2025 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 50 मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही 25 वरिष्ठ नागरिकों को भी भगवान परशुराम प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र प्रताप मिश्रा एड. ने की तथा संचालन प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और समिति के बारे में विस्तृत जानकारी देते समिति द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को लालजी प्रसाद दुबे, जगमोहन तिवारी, बृजानन्द शर्मा, डॉ.बृह्म कुमार मिश्रा, अनिल दुबे, राजीव तिवारी, राज कुमार दीक्षित, डॉ.डी के पांडेय, अरविंद चैधरी, डॉ. अखिलेश मिश्रा, पं. जितेंद्र दुबे दद्दू, के के त्रिपाठी, ओम प्रकाश दुबे, मुकेश चैधरी, आनंद प्रकाश नारायण दुबे, कृष्ण अवतार मिश्रा, दीपक त्रिपाठी, बच्चू मिश्रा आदि ने बच्चों को आशीर्वाद देकर अपने अपने विचार व्यक्त किये स कार्यक्रम में प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, प्रदेश सचिव रोहित चैधरी, मनोज चैधरी, भानु प्रकाश अवस्थी, अमित त्रिपाठी, अनिल चैधरी, गीतिका तिवारी, प्रशांत तिवारी, हर्ष शर्मा, आशुतोष त्रिपाठी, शिवम शुक्ला, नारायण हरि चैधरी, राज तिवारी, अच्युत कृष्ण त्रिपाठी, रोहित दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## डिवाइडर से बाइक टकराने भतीजा घायल चाचा की मौत



इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे मानिकपुर मोड़ के पास डिवाइडर से बाइक टकरा जाने से चाचा कि मौत हो गई जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। इकदिल क्षेत्र में गांव अमीनाबाद में रहने वाले राजेश (40) पुत्र लखपत अपने गांव रिस्ते भतीजे विवेक (26) पुत्र राज नारायण के साथ शनिवार को बाइक से शहर इटावा किसी काम से गये थे वहां से देर करीब एक बजे अपने भतीजे के साथ घर लौट रहे थे चाचा राजेश बाइक चला रहे थे और भतीजा बाइक पर पीछे बैठा हुआ था तभी बाइक मानिकपुर मोड़ के पहुचने पर पीछे आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में कट मार दिया जिसमें बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ घायल अवस्था मे पड़े दोनो घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया वहां डॉक्टरों ने चाचा राजेश को मृत घोषित कर दिया। और भतीजा की गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक के चचरे भाई सुनील शर्मा ने बताया भाई दो भाइयों में घर के छोटा बेटे थे वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे उनके तीन बेटियां और एक बेटा है। उनके मौत के बाद बड़ी बेटी मोहनी 17 साल, अंजली 15 साल और रिया 12 के साथ बेटा अर्पित आठ वर्ष और पत्नी पूनम देवी का रोरोकर हाल बेहाल हैं।

## बकरी चोर से पुलिस की मुठभेड़ ,18 मुकदमों वाला बदमाश घायल

इटावा। जिले के बसरेहर थाना क्षेत्र में शनिवार रात बसरेहर और चैबिया थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक कुख्यात बकरी चोर को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। घटना उस समय हुई जब बसरेहर के बाबू हरनरायण गांव से बकरी चुराकर बदमाश लक्जरी कार में फरार हो रहे थे। पुलिस को कार संदिग्ध लगी और रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने गति तेज कर दी। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक गोली एक बदमाश के पैर में लगी, वहीं चैबिया थाने का सिपाही अंकित भी गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में पकड़े गए बदमाश की पहचान नीरज के रूप में हुई है, जो कि एक शातिर अपराधी है। उस पर लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट सहित 18 गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मौके से एक 315 बोर का तमंचा, तीन खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, छह चोरी की बकरियाँ और मुठभेड़ में इस्तेमाल कार बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने बसरेहर से एक बकरी चुराई थी और रास्ते में जो भी बकरियाँ बंधी मिलीं, उन्हें भी कार की डिग्गी में ठूंस लिया। घायल बदमाश और सिपाही को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान उसका एक साथी फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। सीओ सैफई रामगोपाल शर्मा ने बताया कि यह मुठभेड़ पुलिस की सतर्कता का परिणाम है, जिसमें एक शातिर अपराधी को दबोचा गया।

## बकरी तार से चिपककर मरी

इटावा। मोहल्ला उझैदी में ठेकेदार द्वारा बिजली का तार बदले जा रहे थे तभी ठेकेदार की लेबर तार को खुला छोड़कर दोपहर लगभग तीन बजे कहीं चले गए इसी दौरान मोहल्ला उझैदी निवासी शमशाद की बकरी इस खुले तार से चिपक गई जिससे वह मर गयी। बकरी मरने से मोहल्ले के लोगों ने बिजली विभाग से हरजाने को लेकर कहासुनी होने के बाद सात हजार रूपए हरजाने के तौर पर बिजली कर्मियों ने बकरी मालिक को दिए तब कहीं जाकर मामला शान्त हुआ।

# बीमार सब स्टेशन से कब मिलेगी निजात, आक्रोश

- पूरी रात छत पर टहलकर उपभोक्ताओं ने बितायी रात
- बीमार बुजुर्ग व बच्चें उमस भरी गर्मी उबलने को रहे मजबूर

दीपक तिवारी



गगहा, गोरखपुर। बासगांव विधान सभा क्षेत्र के विद्युत सब स्टेशन करवल मझगांवा का बीमारू फीडर गगहा की स्थिति बिगड़ चुकी है आए दिन विद्युत फाल्ट होने से लोगों का जीना हराम हो गया है। शनिवार की रात 9 बजे लाइट कटी और दुसरे दिन सुबह 9 बजे थोड़ी देर के लिए आयी फिर चली गयी रविवार को दिन में तीन बजे लाइट आयी लेकिन तु चल मैं आता हू वाली कहानी चरितार्थ हुई। उपभोक्ताओं ने कहा कि इस बीमारु सब स्टेशन से कब निजात मिलेगी यह भविष्य के गर्त में है। विद्युत सब स्टेशन करवल मझगांवा पर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गगहा,हाटा, उज्जरपार व मझगांवा चार फीडरो में बांटा गया है जिसमें गगहा फीडर पर सर्वाधिक लोड होने के कारण 5 एम बी ए के ट्रांसफर से आपूर्ति की जाती है तथा 10 एम बी ए के ट्रांसफर से मझगांवा,हाटा व उज्जरपार फीडर की आपूर्ति की जाती है। गगहा फीडर की विद्युत व्यवस्था जर्जर हालात में है शाम होते ही विद्युत आपूर्ति हिचकोले खाने लगती है और कहीं ना कहीं तार गिरना व फाल्ट होने की समस्या आ जाती है। शनिवार को रात्रि करीब 9 बजे चारो फीडर की आपूर्ति ठप हो गयी लेकिन जिम्मेदार सब स्टेशन पर न होने के कारण कर्मचारी भी अपना मरम्मत कार्य जारी रखा किसी तरह मझगांवा,हाटा फीडर व उज्जरपार कि विद्युत आपूर्ति रात्रि एक बजे बहाल हुई लेकिन गगहा फीडर की आपूर्ति दुसरे दिन 9 बजे बहाल हुई लेकिन वह टिकी नही पुनः आपूर्ति ठप हो गई इधर उपभोक्ता बुजुर्ग, बच्चे व बीमार व्यक्ति पूरी रात करवटें बदलते रहे लोग छतों पर टहलकर रात व्यतीत किए इधर उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल होकर विजली का इन्तजार करते रहे लेकिन दुसरे दिन रविवार को भी पूरे दिन महज 15 से 20 मिनट के लिए आपूर्ति बहाल हो सकी रविवार की शाम को आपूर्ति बहाल हो सकी। उपभोक्ताओं ने कहा रात में मिलेगी बिजली इसकी कोई गारंटी नहीं है।

# 30 घंटे तक नहर की गहराइयों से जूझा अमन

## शव बाहर निकलते ही मां बेटी की चीखों से कांपा गांव

जिला संवाददाता (vol)



जसवंतनगर, इटावा। टकपुरा गांव का 22 साल का अमन शनिवार सुबह घर से निकला तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि वह लौटेगा तो सिर्फ कफन में लिपटकर। भोगनीपुर गंग नहर में छलांग लगाने के 30 घंटे बाद रविवार को उसका शव एसडीआरएफ और ग्रामीण गोताखोरों ने बरामद किया। शव बाहर आते ही मां मधु देवी और पत्नी कीर्ति की चीखें सुनकर हर आंख नम हो गई।

शनिवार सुबह करीब 10 बजे अमन ने भोगनीपुर गंग नहर में कूदकर जान देने की कोशिश की थी सड़क किनारे मक्का सुखा रहे किसानों ने यह दृश्य देखा तो दौड़कर परिजनों और 112 पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में गांव के लोग, पीआरवी पुलिस और अधिकारी मौके पर जुट गए। सीओ आयुषी सिंह और थाना प्रभारी रामसहाय सिंह ने गोताखोरों और एसडीआरएफ टीम के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू कराया था जिसमें 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे नगला बंसी गांव के पास ग्रामीणों को नहर में एक शव उतराता दिखा। मौके पर मौजूद एसडीआरएफ टीम ने शव को बाहर निकाला। मौके पर लगातार सीओ आयुषी सिंह और निरीक्षक रामसहाय सिंह डटे रहे। उपनिरीक्षक ललित चतुवेर्दी ने मृतक के भाई शिवम से शिनाख्त कराई और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अमन की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां मधु देवी और पत्नी कीर्ति बेसुध हो गईं। अमन तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी एक छोटी बहन प्रियंका भी है।

गांव में हर किसी की जुबान पर बस यही थाक् क्यों किया अमन ने ऐसा बेटा, तुझे क्या तकलीफ थी... जो हमसे भी नहीं कही अमन के शव को जैसे ही घर लाया गया, मां मधु देवी बेसुध होकर गिर पड़ीं। बार-बार अमन की तरफ देखकर कराह उठीं बेटा तू ही तो हमारा सहारा था अब हम किसके सहारे जिएंगे उनकी इस चीत्कार ने वहां मौजूद हर शख्स को रुला दिया। बहन प्रियंका और पत्नी कीर्ति भी उसे पकड़कर बार-बार यही कहती रहीं तुम क्यों छोड़ गए हमें।

संक्षेप

## बाघ ने बछड़े पर किया हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) वन रेंज गोला के महराताला गांव में बाघ ने बछडे पर हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। बाघ की आमद से क्षेत्र में दहशत कायम हो गई है। रविवार की बीती रात महरताला गांव निवासी हरगोविंद सिंह के मकान के बाहर पेड़ से बछड़ा बंधा था। जिस पर बाघ ने हमला कर दिया। जिससे बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचे वनरेंज अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। वनकर्मियों ने ग्रामीणों से एहतियात बरतने और झुण्ड के साथ खेतों पर जाने की अपील की।

## चार लोगों पर मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी एक महिला ने चार लोगों पर घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला मुन्नगंज निवासी मुस्कान पत्नी अतीक अहमद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मोहल्ला निवासी साबिया पत्नी अतीक, अफसरून पुत्र अतीक, लई पुत्र रउफ, वसीर पुत्र रउफ घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

## अधेड़ की पानी में डूबने से मौत

शाहजहांपुर।थाना अल्लाहगंज के अंतर्गत छोटी मेघौल के जगदीश सिंह उम्र लगभग पचास वर्ष रामगंगा को पार करते समय डूब गये।प्रत्यक्षदर्शियों ने जगदीश सिंह को डूबते देखा। कुछ लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया लेकिन रामगंगा नदी में अधिक पानी होने का कारण वह नहीं बचा सके । शाम को एसो अल्लाहगंज व राजस्व विभाग को इस संबंध में सूचना दी गई इसके पश्चात आज शनिवार को एनडीआरफ कि पीएसी टीम ने पूरे क्षेत्र में स्टीमर से देखा लेकिन अभी तक लाश की कोई सूचना नहीं मिली वहीं ग्रामीण भी नदी के किनारे किनारे जगदीश सिंह की लाश को ढूंढ रहे हैं उनके भाई ने सूचना देते हुए बताया कि वह यहां भैस चरा रहे थे दो-तीन भैसें नदी पार कर गई जिन्हें वापस लाने के लिए मेरा भाई नदी में कूद गया और नदी पार करते समय किनारे पर पहुंचते पहुंचते थक गए जिस कारण वह डूब गए। हम सभी लोगों ने मौके पर पहुंचकर उनके परिवार से शोक संवेदना प्रकट की और उन्हें शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

## अमृत सरोवर की स्थिति खराब

सिंगाही -खीरी। सरकार की ओर जल संरक्षण को लेकर अमृत सरोवर की योजना ग्राम पंचायत सिंगाही देहात में दम तोड़ चुकी है।सीडीओ का प्रयास भी इस ग्राम पंचायत में बेअसर है। बालकराम पुरवा में बना अमृत सरोवर केवल कागजों में ही है असल में पूरा सरोवर सूखा पड़ा है और खराब हालत में है। जल संरक्षण को लेकर सरकार की ओर अमृत सरोवरों को विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। जिले के सीडीओ अभिषेक कुमार तालाबों को खुदवाने का रिकॉर्ड भी बना चुके हैं। लेकिन विभाग के कुछ लापरवाह लोग इसको लेकर संजीदा नहीं हैं। इसकी बानगी ग्राम पंचायत सिंगाही देहात में देखी जा सकती है।यहां पर बना अमृत सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है।इसके साथ ही सरोवर की स्थित बेहद खराब है।

# सावन का पहला सोमवार आज, सजधज कर तैयार है छोटी काशी





गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) भोले बाबा देवों के देव हैं उनकी पूजा वर्ष भर की जाती है किंतु श्रावण मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है। इसलिए सावन माह में देश भर के शिवालयों में भारी भीड़ जुटती है किंतु छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला शहर के शिव मंदिर में देश प्रदेश के कोने कोने से शिव भक्त दूर दूर से लाकर कांवर चढ़ाते है, और मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। कहा जाता है कि गोला के भोला हर भक्त की पुकार सुनते है इसी के चलते प्रतिवर्ष की भांति नगर में शिव भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है।

सावन में शिव पूजा का विशेष महत्व है इसीलिए शिव नगरी गोला में आषाढ़ी के बाद से ही शिव भक्तों का तांता लगना शुरू हो जाता है। कांवरिए उत्तराखंड के हरिद्वार, बदायूं के कछला घाट, फरूखाबाद के ढाई घाट, घटिया घाट आदि गंगा के घाट तथा सरयू, शारदा आदि दूर दूर के घाटों से जल लाकर अवढरदानी भोले शंकर का जलाभिषेक करते है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नगर में शिव भक्तों की भीड जुटनी शुरू हो गयी है, वे यहां आकर तीर्थ में स्नान करके मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। छोटी काशी में शिव की पूजा आराधना का पौराणिक महत्व है इस बारे में एक किवदंती प्रचलित है। कहते हैं कि वर्षों की तपस्या के बाद जब लंकाधिपति रावण को भगवान शिव ने दर्शन दिए तो उसने भोलेनाथ से लंका चलकर निवास करने का वरदान मांगा। इस पर भोलेनाथ ने उसे इस शर्त पर लंका चलने का वरदान दे दिया कि रावण कांवर को भूमि पर नहीं रखेगा। कैलाश से आते हुए रावण जब गोला तक पहुंचा तो उसे लघुशंका महसूस हुई। इस पर रावण यहां गोकर्ण नाम के चरवाहे को कांवर देकर लघुशंका से निवृत्त होने लगा। शिव जी ने अपनी लीला से कांवर इतनी भारी कर दी कि चरवाहे से बोझ सहन नहीं हुआ और उसने कांवर भूमि पर रख दी। जब रावण वापस आया तो उसने भगवान ने बहुत अनुनय विनय की लेकिन भोलेनाथ ने शर्त को याद दिलाकर यहां से जाने से इंकार कर दिया। इस पर क्रोधित रावण ने शिवलिंग को अंगूठे से दबा दिया। जिसका निशान अभी भी बना हुआ है, रावण का क्रोध इतने से शांत नहीं हुआ वह चरवाहे को मारने दौड़ा जो कुछ दूर भागा किंतु जब उसे लगा कि वह रावण से नहीं बच पायेगा तो उसने एक कुंए में छलांग लगा दी। कहते है तभी से भगवान भोले नाथ यहां पर निवास करते है और मंदिर में दर्शन के बाद कुएं में झांकने वाले हर भक्त की मनोकामना अवश्य पूरी करते है। इसी मान्यता और विश्वास के चलते लाखों शिवभक्त जिनमें छोटे छोटे बच्चे, युवा, अधेड़, वयस्क और वृद्ध सभी शामिल होते है दूर दूर से नंगे पांव पैदल चलकर, दौड़ते हुए, लेटकर अपनी श्रद्धा और आस्थानुसार विभिन्न तरीकों से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं। ऐसे ऐसे शिवभक्त छोटी काशी में आते है जिनकी आस्था और विश्वास को देखकर लोग दांतो तले अंगुली दबा लेते है।

## पुलिस ने किए सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सावन मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। मंदिर में सुरक्षा के तमाम बंदोबस्त कर मंदिर को जाने वाले मार्गों की बेरीकेटिंग कर दी गई है। शहर को दो सेक्टर में बांटकर 21 बैरियर लगाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में लगभग 500 पुलिस कर्मियों के साथ वॉलिंटियर और पीएसी बल मौजूद रहेगा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सावन मेला को लेकर चर्चा की जा चुकी है। सावन मेले में सोमवार के दिन भारी भीड़ की आशंका के चलते समस्त स्कूलों में अवकाश किए जाने के आदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

## यह रहेंगे पार्किंग स्थल

शहर में पार्किंग स्थल के लिए लखीमपुर की ओर से आने वाले वाहन पशु बाजार रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, अलीगंज की ओर से आने वाले वाहन मंडी समिति के अंदर, मिल ट्रक यार्ड के अंदर और आवश्यकता पड़ने पर खुटार मार्ग स्थित न्यू बादल सिटी में खड़े करवाए जाएंगे।

## अराजकतत्वों पर रहेगी कैमरे पर नजर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। छोटी काशी के सावन मेला में नजर रखने के लिए मंदिर परिसर व प्रमुख मार्गों पर सीसीटी 32 कैमरे लगाये गये हैं जो अराजकतत्वों से निपटने के लिए मददगार साबित होगें। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन कैमरा निगरानी करेगा। इस बार श्रद्धालुओं को मंदिर तक जाने के लिए कई बैरियर पार करने होगें। मंदिर के आसपास की गलियों व स्टेशन रोड मंदिर की ओर जाने वाली तमाम गलियों पर बेरियर लगा रहेगा।

## तीन बच्चों की मां भांजे के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ जेवर, नकदी, कपडे आदि लेकर फरार हो गई। जिसके पति ने पत्नी और प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शहर के निकटवर्ती गांव निवासी महिला के पति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह लगभग 20 वर्ष पूर्व हुआ था। जिसके एक 16 वर्ष, 13 वर्ष के पुत्र व 9 वर्ष की पुत्री है। उसने बताया कि उसकी पत्नी तीन जुलाई को बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन वह वापस नहीं लौटी तो पता चला कि गोला के मोहल्ला मथुरानगर निवासी भांजा अतुल कुमार पुत्र मोहनलाल के साथ वह फरार हो गई है। साथ में जेवर, कपडे व 12 हजार रुपए साथ में लेकर गई है। पीडित पति का कहना है कि कुछ दिनों से अतुल के साथ मोबाइल पर बात करते पकडा था और वह मोबाइल भी उसी ने दिया था। इस घटना के बाद से बच्चे परेशान है उनका रो रोकर बुरा हाल है।

# मां ने बच्ची को तालाब में डुबोकर की हत्या

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम मे कलयुगी मां ने अपनी एक माह की बच्ची को तालाब मे डुबोकर मार दिया। सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मामले में महिला के पति ने पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने उसकी पत्नी पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। ग्राम खेतहरा निवासी धूपसिंह राठौर पुत्र सियाराम राठौर ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात लगभग 11 बजे उसकी पत्नी कुसुम अपनी पुत्री एक माह की बच्ची मानवी को लेकर घर से बिना बताए चली आई। जिसको उसने अपने भाई ध्रुव कुमार एवं अपनी माता कुन्ती देवी तथा गांव के नरेन्द्र पुत्र रवीन्द्र, कलेक्टर पुत्र मेढई लाल व ओमप्रकाश के साथ अपनी पत्नी कुसुम को तलाश कर रहे थे। तभी गांव के बाहर उसकी पत्नी सड़क के किनारे मिली। जिससे उसने पुत्री मानवी के बारे मे पूछा तो कुसुम ने गांव के बाहर तालाब में डुबोना बताया। मृतक बच्ची के पिता ने गांव वालों के साथ पत्नी को साथ ले जाकर तालाब से अपनी पुत्री मानवी को निकाला। तब तक उसकी पुत्री मानवी की मृत्यु हो चुकी थी। पीड़ित की पत्नी कुसुम ने उसकी पुत्री मानवी को तालाब में डुबोकर हत्या कर दी है। पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पत्नी के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

मोहम्मदी चौकी इंचार्ज बाबूराम मौर्य ने बताया कि वह रात में गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक महिला बिना चप्पलों के शाहजहांपुर रोड पर बैंक आफ बड़ौदा के पास भागते हुए मिली। जहां उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह दिल्ली जा रही है। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने अपनी एक माह की बच्ची को गांव से कुछ दूर स्थित तालाब में डुबोकर उसके ऊपर मिट्टी डालकर मार दिया है। वहीं मृत बच्ची के परिवारीजन ने बताया कि महिला प्रतापगढ़ की रहने वाली है। उसका कुछ दिमागी संतुलन ठीक नहीं है।

# यात्रियों की समस्या को लेकर अस्थायी रोडवेज बनाया

मोहम्मदी खीरी। सावन मेला को लेकर जिम्मेदार अधिकारीयों ने कस्बा के भीड़भाड़ इलाके में कांवड़ियों को सुरक्षित निकलने का प्लान तैयार नहीं कर पाए वहीं पुलिस विभाग ने नगर मे हाईवे पर ई रिक्शा को बैन करते हुए उनके लिए अलग-अलग अस्थाई स्टाफ बनाकर रूट डायवर्जन किया गया है।

निर्माणाधीन रोडवेज होने के चलते सरकारी बसों के लिए अस्थाई स्टाफ मंडी परिसर में बनाया गया है। एक महीने तक चलने वाले सावन मेला के चलते लाखों की संख्या में दूर-दूर से दुर्गम स्थानों से कावड़ लेकर श्रद्धालु गोला शिव मंदिर पर चढ़ाने के लिए निकलते हैं। जिनकी सेवा के लिए सड़क किनारे समाजसेवियों द्वारा पंडाल लगाकर भोजन , शीतल पेय, और ठहरने के इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं को भीड़भाड़ से बचाव को लेकर सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक इंद्रजीत सिंह और कस्बा इंचार्ज बाबूराम के प्लान तहत कस्बा में हाईवे पर पूर्ण रूप से ई रिक्शा संचालन पर रोक लगा दी और मैजिक चालकों को सवारी भरने के लिए आबादी क्षेत्र के बाहर अलग-अलग जगह पर ठहराव का इंतजाम किया गया है। जिसके चलते बाहरी क्षेत्र से आए लोगों को कस्बा में आने के लिए 500 मीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ेगी। वही आपातकालीन सेवाएं बहाल रखने का भी फैसला लिया गया है।

# तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहाँपुर। थाना सिंधौली पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों को नाजायज तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निदेर्शानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पुवायां के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी-जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सिंधौली के नेतृत्व में थाना सिंधौली पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई।थाना सिंधौली टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम व संदिग्ध/वांछित अभियुक्त की तलाश में भ्रमणशील थी, अभियुक्त अतीक पुत्र सद्दीक नि० ग्राम तेरा, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहाँपुर को ग्राम जमुनिया तिराहे से करीब 60 कदम की दूरी पर ग्राम जमुनिया की तरफ जाने वाले रास्ते पर मय एक देशी तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त विपिन तिवारी उर्फ लल्लु पुत्र स्व० कैलाश चन्द्र तिवारी नि० ग्राम ढकिया हमीद नगर, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहाँपुर को ग्राम पीरताला रोड लगभग 50 कदम की दूरी पर जंगल की ओर जाने वाली चकरोड पर एक देशी तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया ।

# शराब के नशे में सभासद पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल)शहर के तीर्थ मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने सभासद पर शराब के नशे में गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला तीर्थ निवासी संतोष कटियार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की देर शाम वह घर के बाहर खडा था। इसी दौरान मोहल्ले के सभासद राजेश अवस्थी शराब के नशे में धुत होकर आये और घर के अन्दर जाने के लिए कहा और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर पडोसी दुकानदार की दुकान से बांस उठाकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मंत्री को शहीद उद्यान पार्क में बने फाउंटेन को सही कराने के लिए दिया मांग पत्र



शाहजहांपुर। जनपद की समाजसेवी सहयोग संस्था शाहजहांपुर के पदाधिकारियो ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को एक मांग पत्र सौंपा , जिसमें सबसे पहले तो संस्था ने शहीद संग्रहालय में शुरू कराए गए फाउंटेन को लेकर धन्यवाद दिया , और इसी के साथ मांग की , कि शहीद उद्यान पार्क में बहुत ही सुंदर व भव्य फाउंटेन बनाया गया है , जो की कुछ कमी की वजह से बंद पड़ा है , यदि इसकी मरम्मत हो जाए तो वह फिर से शुरू हो जाए , और इसका लाभ जनपद के साथ-साथ जनपद में बाहर से आए हुए मेहमानों को भी मिलने लगेगा । वित्त मंत्री ने संस्था को भरोसा दिलाया कि जल्द ही शहीद उद्यान पार्क में बने फाउंटेन को शुरू करा दिया जाएगा । मांग पत्र सौंपने वालों में संस्था के संरक्षक शाहनवाज खा एडवोकेट ,अनिल गुप्ता प्रधान,अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना, कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे आदि सभी उपस्थित रहे ।।

# ग्राम पंचायत लोकेशर में खेल मैदान बनकर तैयार



लखीमपुर खीरी। ब्लाक लखीमपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लाकेशर के सिविलियन विद्यालय में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर खेल मैदान बनाकर तैयार किया गया है।

खेल मैदान में बच्चों के लिए झूले पाथवे भी बनाया गया है। ग्राम पंचायत के विद्यालय में बनाए गए खेल मैदान से बच्चों को सुविधा मिलेगी, बच्चे अपने दोस्तों के साथ विद्यालय के दौरान झूले का आनंद ले सकेंगे। बच्चों को मैदान में बैठने को ध्यान में रखते हुए पाथवे बेंच भी बनाया गया है। खेलेगा भारत जीतेगा भारत की थीम पर खेल मैदान बनाया गया है। साज सज्जा के साथ खेल मैदान में पौधारोपण भी कराया गया है। आने वाले समय में खेल मैदान में कोच के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल सीखने की तैयारी की जा रही है। खेल मैदान में बच्चों के लिए झूले के साथ-साथ बैडमिंटन, अप डाउन आदि की व्यवस्थाएं की गई है। यह जानकारी ग्राम पंचायत सचिव प्रजोत कुमार ने दी।

# पत्रकार के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) पत्रकार स्वर्गीय श्याम नारायण शुक्ला के असमायिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शन्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।



नगर पालिका परिषद सभागार में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में हुई पत्रकारों की शोक सभा में 11 जुलाई को लखनऊ लुलुमाल के सामने हुई सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। शोक सभा में पत्रकारों ने उनके उनके साथ में बीते पल के बारे में जानकारी साझा की। इसके बाद सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की कि इस दुख की घड़ी में पारिवारिक जनों को दुख सहन की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में पत्रकार सुरेंद्र शर्मा, रवि सूत शुक्ला, मूलचंद भारद्वाज, अनंग वर्मा, लोकेश गुप्ता, कामता सिंह कुशवाहा, श्याम मोहन शुक्ला, संदीप अवस्थी, विकास शुक्ला, रामकृष्ण शुक्ला, होती लाल रस्तोगी, महेश पटवारी, श्याम किशोर अवस्थी, मंदीप वर्मा, सुधीर गुप्ता, प्रवीण वाजपेई, मनीष शर्मा, सचिन शर्मा, मनोज कुमार मिश्रा, नरेंद्र भारद्वाज, प्रदीप सिंह रघुनायक, विवेक दीक्षित, करन सिंह, आशीष कुमार तिवारी, पंकज शुक्ला, अनुराग मिश्रा, जितेंद्र सिंह समेत तमाम पत्रकार और दीपक मिश्रा एडवोकेट, सभासद नानक चंद वर्मा, सभासद राजेश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रुघ्न मिश्रा, भाजपा कुंभी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटिहार मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने सिद्ध बाबा स्थान के रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग की

बंडा, शाहजहांपुर।बंडा के ग्राम सिसौरा सिसौरी में मंदिरों को जाने वाली रास्ता को खेतो में मिलाकर मार्ग अवरूद्ध किये जाने का आरोप लगाते हुए महंत सहित दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर देकर रास्ता खाली कराये जाने की मांग की है। गांव सिसौरा सिसौरी में सिद्ध बाबा स्थान के महंत मनोज कुमार प्रजापति, मोहित शुक्ला,राममूर्ति, रामनरेश, रामसनेही,बाबा राजपुरी,गंगाराम, सत्यपाल शर्मा, जागेश्वर दयाल, अरविंद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया सिद्ध बाबा के स्थान पर छह मंदिर बने हुए हैं। मंदिर जाने वाले रास्ते को लोगों ने जोतकर खेत में मिला लिया है। उक्त मंदिर सिसौरा सिसौरी, जमुनिया खानपुर,गुनहा खमरिया की सीमा पर है। स्थान पर एक कुंआ व सरोवर भी है जिस पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। ग्रामीणों ने थाना समाधान में प्रार्थना पत्र देकर तीनों गांवों के लेखपालों को भेजकर रास्ता सुनिश्चित कराये जाने की मांग की है।

# पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण, सभी तैयारियां पूरी

शाहजहांपुर।पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की गयी समीक्षा। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, देवेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, शाहजहाँपुर के साथ आगामी सावन माह में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्र ( बरेली मोड़ ), थाना कांट क्षेत्र व थाना जलालाबाद में पड़ने वाले प्रमुख कांवड़ रूटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यात्रा मार्ग पर मौजूद बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा प्रबन्ध, प्राथमिक उपचार की सुविधा व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया।कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी दशा में लापरवाही न हो।यात्रा मार्गों पर समुचित पुलिस बल की तैनाती, विशेषकर भीड़ वाले व संवेदनशील स्थानों पर सुनिश्चित की जाए।सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी मॉनीटरिंग, ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की व्यवस्था की जाए।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार

बण्डा शाहजहांपुर।थाना बण्डा पुलिस टीम ने विदेश भेजने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज देकर धोखाधडी करने के अपराध में वांछित/फरार चल रहे 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पुवायां के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी-जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र / अफीम चरस बिक्री-निर्माण एवं चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/गश्त के दौरान थाना बण्डा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।थाना बण्डा पुलिस टीम देखरेख शान्ति व्यवस्था व चैकिंग सर्दिग्ध व्यक्ति/वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम व अभियान अवैध शस्त्र अवैध मादक पदार्थ कसीदगी बिक्री रोकथाम हेतु क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर गहलुइया नहर मोड के पास से वांछित अभियुक्तगण गुरपिन्दर सिंह उर्फ गप्पू पुत्र रूढ सिंह , हरप्रीत सिंह उर्फ हेप्पी पुत्र निन्दर सिंह उर्फ नरेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम गहलुइया, थाना बण्डा, जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों अभियुक्तगण द्वारा बण्डा क्षेत्र से करीब 8-10 व्यक्तियों से विदेश भेजने के नाम पर अपने खातों में रुपये ट्रांसफर कराये गये तथा कूटरचित वीजा उपलब्ध कराये गये तथा धोखाधडी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सीओ व कोतवाल ने किया यात्रा मार्ग का निरीक्षण



धौरहरा खीरी। सावन मास के पहले सोमवार को देखते हुए रविवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाल धौरहरा व क्षेत्राधिकारी ने स्नान घाटों से लेकर कांवरियों के लिए आने जाने वाले रुट को तय करते हुए पड़ोस में बसे ग्रामीणों से वार्ता करके संचालित होटलों व ढाबों की चेकिंग करने के साथ चेतावनी जारी की गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रविवार दोपहर क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमसेर बहादुर सिंह व कोतवाल सुरेश मिश्रा ने कोतवाली क्षेत्र के फेमस स्नान घाट जालिम नगर पुल के किनारे कांवरियों द्वारा स्नान करने ठहरने व यात्रा मार्गों का निरीक्षण करने के साथ हाइवे किनारे मुरावनपुरवा, स्वर्गलोक, चकलाखीपुर, सिसैया चौराहा, कलुवापुर, चमारन पुरवा व रंजीत गंज तक ग्रामीणों से वार्ता कर कावंरियों की सुरक्षा करने के साथ मदद मांगी,पुलिस बल द्वारा पड़ने वाले होटल व ढाबों की चेकिंग करने के साथ चेतावनी भी दी गई।

ज्ञात हो क्षेत्र से कावंरियों द्वारा घाघरा नदी जालिम नगर पुल के पास से जल भरकर अन्य तीर्थ स्थलों पर जाने का शिलशिला शुरू हो गया है।

# पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर। जी.एफ. कॉलेज मैदान, शाहजहाँपुर में 73वीं अन्तरजनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) वर्ष 2025 का आयोजन 13 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ 13.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर ने जी.एफ. कॉलेज मैदान में विधिवत रूप से किया गया। पुलिसकर्मियों में सौहार्द, खेल भावना और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना। विभिन्न जनपदों की पुलिस टीमों को एक मंच पर लाकर आपसी सहयोग और समन्वय को मजबूत करना। पुलिस विभाग की कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु मानसिक व शारीरिक स्फूर्ति को प्रेरित करना।शुभारम्भ समारोह की मुख्य विशेषताएं। प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा फुटबॉल किक के साथ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रगान, मार्चपास्ट और टीम परिचय का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों का मनोनयन व उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी प्रतिसार निरीक्षक,प्रभारी यातायात सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी का महिला थाने में करवाया सुलह समझौता

लखीमपुर- खीरी। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर काउंसलरों के द्वारा 12 परिवारिक में सुलह का प्रयास करके 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराने का कार्य किया गया है। काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, नीति गुप्ता , कय्यूम जरवानी जिला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा विधि स्वयं सेवक अल्पना वर्मा के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 06 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, एकादशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, अयोध्या**

**ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या- 02/अधी0अभि0/एकादशम्/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेष की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनॉक- 21.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में, विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनॉक- 16.07.2025 से दिनॉक- 21.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। प्राइस/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि, कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी, जो नोटिस बोर्ड व ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि का भुगतान इण्टरनेट बैंकिग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगी।

| लाट सं. | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी.एस.टी. सहित) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद- सीतापुर में चहलारीघाट-गणेशपुर तटबन्ध के किमी. 31.000 (ग्राम अखरी के पास) मिजार्पुर स्टोन बोल्डर की आपूर्ति का कार्य। | 1.10 | 20 दिवस | रू. 3363.00 | बी एवं उच्च |

1. यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in/ सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।
2. निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि, इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाइन भुगतान द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

UPID-235859 Date: 10.07.25
Website : www.upgov.nic.in

**अधीक्षण अभियन्ता**
**एकादशम् मण्डल सिंचाई कार्य, अयोध्या**

संक्षेप

## 149 पंचायत सहायकों ने दिया त्यागपत्र

जौनपुर। युवाओं को ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की नौकरी रास नहीं आ रही है। जिले में 149 पंचायत सहायकों ने नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। इससे कई केंद्रों पर जरूरी कागजात बनवाने के लिए लोगों को तहसीलों और ब्लॉकों का चक्कर काटना पड़ रहा है। नौकरी छोड़ने वालों में से किसी को अफसर बनने का सपना है तो किसी ने डॉक्टर, शिक्षक व अन्य नौकरी मिलने पर त्यागपत्र दे दिया है।जिले में 1734 ग्राम पंचायतों में मिनी सचिवालय चलाया जा रहा है। सभी जगहों पर जरूरी कागजात समेत अन्य कार्य के लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई। करीब तीन साल पहले हर ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की नौकरी के लिए आवेदन मांगे गए तो युवाओं की भीड़ दिखी। एक-एक पद के लिए ग्राम पंचायतों में सियासत गरमा गई थी। हर युवा चाहता था कि मैं किसी तरह इस पद पर नियुक्त हो जाऊं।इसमें मेरिट के आधार पर नियुक्ति की गई। इसके लिए तमाम जतन भी किए गए, लेकिन छह हजार रुपये प्रतिमाह की यह नौकरी युवाओं को अधिक समय तक रास नहीं आई। इसमें 149 पंचायत सहायकों ने त्यागपत्र दे दिया है।जिला पंचायत राज विभाग ने खाली पदों की सूची शासन स्तर पर भेज दी है।जिलापंचायत राज विभाग की ओर से भर्ती के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। जल्द ही सभी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

आजमगढ़।पवई थाना की पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक सुर्लभ पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंडिका गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के पास से जयहिन्द यादव निवासी फत्तनपुर थाना पवई को पकड़ा गया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। उसके विरूद्ध छह मुकदमें दर्ज हैं।

## पवई में महिलाओं को किया जागरूक

आजमगढ़। सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए जनपद की महिला पुलिस ने पवई में रविवार को महिला और बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं, मुद्दों पर समझ बनाने के लिए जागरूक किया। घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध, महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी। महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण के लिए वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108), जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय आधैर राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान/मीरजापुर। सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उपनिरीक्षक विनोद कुमार मय पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र, गश्त में मामूर थे कि इस दौरान आरोपी दयानन्द उर्फ देवपाल पुत्र गुल्लु निवासी दांती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## उपडाकघर में बन रहा आधार कार्ड

जौनपुर। उपडाकघर, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में लगातार आधार का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा था, परन्तु उपडाकपाल द्वारा आधार के सॉफ्टवेयर में लॉग इन करते समय ओटीपी प्राप्त न होने तथा सिंक्रोनाइजेशन न होने के कारण 09 तथा 10 जुलाई को आधार का कार्य बाधित रहा है, इस सम्बन्ध में उपडाकपाल से बताया कि 12 जुलाई को कुल 13 लोगों का आधार बनाया गया। आगे भी आधार कार्ड बनाने का कार्य जारी रहेगा।

# कुल्हाड़ी से काटकर युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर ।जिले में एक युवक की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी गई। युवक शनिवार शाम घर से डीजल लेने के लिए निकला। रास्ते में खड़े एक युवक पक बाइक के पहिए से पानी का छींटा चला गया।इस पर युवकों में गाली गलौज हुई।फिर मामला शांत हो गया। लेकिन डीजल लेकर वापस लौटते समय युवकों ने रास्ते में घेरकर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। युवक खून लथपथ जमीन पर गिर गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

युवक की पहचान संतोष यादव (35) के रूप में हुई है। पूरा मामला तिघरा बाजार के पास का है। खुटहन थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव में संतोष यादव का परिवार रहता है। घर में उनकी पत्नी अर्चना (30), मां, पिता, 5 भाई और एक बहन रहती हैं।संतोष पांच भाइयों में सबसे बड़े थे।संतोष के 4 बच्चे बेटी आकृति (8), अंशी (6), छोटी (3) और बेटा ऋषि 8 महीने का है।संतोष घर पर रहकर खेती किसानी का काम करते हैं।वह ट्रैक्टर से जुताई कर कमाते हैं।जिन्हें गौसपुर के रहने वाले चंद्रभान, सुरेंद्र, और शैलेश यादव ने शनिवार शाम मार डाला। मृतक के छोटे भाई प्रदीप ने बताया कि कल शाम मेरे भैया घर से 100 मीटर दूर खेत की जुताई कर रहे थे। तभी ट्रैक्टर में डीजल खत्म हो गया। उन्होंने मुझे फोन कर बुलाया और कहा डीजल लेने चलना है। मैं बाइक लेकर आया और भैया के साथ 4 किलोमीटर दूर खुटहन पेट्रोल पंप पर डीजल लेने जा रहे थे।घर से 500 मीटर दूर पहुंचे थे तभी तिघरा चैराहे के पास गौसपुर के रहने वाले दो युवक खड़े थे। रास्ते में कीचड़ था बाइक कीचड़ में जाते ही उनका शरीर पर छींटे पड़ गए। इस पर वह गाली देने लगे। भैया ने रुक कर उनको समझाया और शांत कराया। फिर हम दोनों डीजल लेने चले गए।वापस लौटते समय वह तीन लोग घर से कुल्हाड़ी लाकर वहीं खड़े थे।उन्होंने हमारी बाइक रोक ली। भैया ने बाइक रोक दी। हम लोग कुछ समझ पाते। इसके पहले ही भैया के सिर पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से वार कर दिया। भैया खून से लथपथ गिर गए। पड़ोस की महिला ने बताया कि प्रदीप का कभी किसी से मारपीट नहीं हुई न तो उन लोगों से कभी कुछ हुआ जिन्होंने उनको मारा।वो खेती किसानी ही करता था। ट्रैक्टर से दूसरों के खेत जोत कर पैसे कमाता था। वो अपने काम से काम रखता था। संतोष की बहन ने बताया कि उन लोगों के कपड़े पर ईंट के छींटे पर पर भैया को मार डाला। जबकि भैया ने उन्हें रास्ते से हटने को भी कहा था।लेकिन उन लोगों ने जिद में भैया को मां बहन की गाली देने लगे। भैया ने समझाया तो वह उस समय तो चले गए। लेकिन वापसी में भैया को मार डाला।पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलेन में नामजद तीन युवकों पकड़ लिया गया है।

## रिश्वत कांड में दारोगा भी निलंबित

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर रिश्वत कांड में एक और एसआई इंद्रदेव सिंह को निलंबित कर दिया गया है।वहीं इस मामले में एक ग्रामीण शिवगाविंद के खिलाफ एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया।इस मामले में अब तक थानाध्यक्ष, दो सिपाही व एक लेखपाल हुए निलंबित हो चुके हैं।सिपाहियों पर भी एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज है।

सिपाही जिस थाने में तैनात थे, उनके खिलाफ वहीं मुकदमा दर्ज हुआ है।बड़ा गांव निवासी गौरीशंकर सरोज ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे के विरोध को लेकर हाईकोर्ट में बीते 30 मई को याचिका दाखिल की थी।इसी मामले में थाना के सिपाही पंकज मौर्य, नीतेश गौड़ व लेखपाल विजय शंकर इनके घर पर पहुंचे और याचिका वापस करने व धमकाते हुए नाती रजनीश सरोज को हिरासत में लेकर जाने लगे।कुछ दूर जाने पर दो हजार रुपये रिश्वत मांगते हुए छोड़ दिया। इस मामले को अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में रखा गया।इसी मामले में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह द्वारा भी याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के परिजनों को धमकाने का भी आरोप लगा।इसके बाद एसपी डा.कौस्तुभ कुमार ने इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सिंह, आरक्षी पंकज मौर्या, नितेश कुमार गौड़ को निलंबित कर दिया।हल्का लेखपाल विजय शंकर को भी उच्चाधिकारियों ने निलंबित कर दिया। शनिवार को एक उपनिरीक्षक (एसआई) इंद्रदेव सिंह को जहां निलंबित किया गया वहीं मुंगराबादशाहपुर के बड़ागांव निवासी शिवगाविंद के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया।इसके पहले हुई कार्रवाई के तहत दोनों सिपाहियों व लेखपाल पर भी एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज है।

## संपर्क मार्ग के सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास




जौनपुर। राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने धर्मार्थ योजना के अंतर्गत लखनऊ - माझीघाट मार्ग पर प्रसाद स्कूल से चौकियां माता धाम तक संपर्क मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं विकास कार्य का पूजन करके शिलान्यास किया। इस संपर्क मार्ग की स्वीकृत लम्बाई लगभग 1630 मीटर (1.630 किमी) है तथा स्वीकृत लागत रूव 272.22 लाख है। राज्यमंत्री ने कहा कि माता शीतला धाम चैकियां करोड़ों लोगो की आस्था का केन्द्र है, यहां समीप के जनपद के साथ साथ पूरे प्रदेश और देश से दर्शनार्थी आते है, और माता शीतला मां का पूजन करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बन जाने से माता रानी के भक्तों को सुविधा मिलेगी, यह सड़क मार्ग 7 (सात) मीटर चौड़ा बनेगा, जहां पानी लगेगा, वहां पर सीसी रोड और बिटवीन की रोड बनेगी और पटरी पर इंटरलॉकिंग लगाई जाएगी।इस मार्ग की लंबाई 1.630 किलोमीटर है, इसकी लागत लगभग रु 272.22 लाख (दो करोड़ बहत्तर लाख बाईस हजार रुपए) है।यह कार्य कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। प्रदीप तिवारी, अजय सिंह, मनीष श्रीवास्तव, बबलू माली, विकास, जेई पंकज यादव, महादेव यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## अब शिक्षा नौकरी तक ही नहीं रहेगी सीमित

जौनपुर ।भारतीय शिक्षा बोर्ड की बैठक दीप प्रज्ज्वलन के साथ होटल रिवरव्यू के सभागार में शुरू हुई, उस समय ऐसा लगा मानो एक नई शैक्षिक क्रांति का सूत्रपात




हो रहा हो। आधुनिक विज्ञान और भारतीय परंपरा के संगम से नई शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने की इस ऐतिहासिक पहल में जिलेभर से निजी स्कूलों के प्रबंधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. एन. पी. सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा अब शिक्षा केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहेगी, यह बनेगी जीवन निर्माण और संस्कारों की आधारशिला। उन्होंने बताया कि बोर्ड की शिक्षा पद्धति नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के मूल उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग और गीता जैसे भारतीय ज्ञान-कोष को आधुनिक तकनीक और विज्ञान के साथ जोड़ने का संकल्प लेकर चल रही है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा अब समय आ गया है कि डिग्रियों से आगे बढ़कर हम ऐसे नागरिक गढ़ें जो देश के लिए सोचें, जिएं और नेतृत्व करें।उन्होंने जिले के सभी स्कूलों से इस नई शिक्षा प्रणाली में भागीदार बनने का आह्वान किया।बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी शशिभूषण, सामाजिक कार्यकर्ता संजय सेठ, तथा अनेक शिक्षाविदों, स्कूल प्रबंधकों और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन अचल हरीमूर्ति ने किया और अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वदेशी शिक्षा आंदोलन को मजबूती देने का संकल्प लिया।यह बैठक केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि शिक्षा की घर वापसी का प्रारंभ थी जहां आधुनिकता की चमक के साथ भारतीयता की सुगंध भी होगी।

## उबड़-खाबड़ सड़क को लेकर नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र के लाखन बाबा मंदिर से पुसौली सम्पर्क सड़क मार्ग को निर्माण कराये जाने को लेकर रहवसियों ने रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद को ज्ञापन सौंपा।

रहवासियों में सुरेंद्र पटेल, सुरेंद्र जायसवाल, पीतांबर प्रताप सिंह, रमेश सिंह, अखिलेश सिंह, अरुण प्रताप सिंह, अजीत कुमार, राजीव कुमार गौतम, राजेश कुमार आदि ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि राजा लाखन बाबा मंदिर से पुसौली सम्पर्क मार्ग पर इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है।बारिश के वजह से इन गड्ढों में पानी भर गया है। जिससे पैदल, साइकिल, मोटर साइकिल, टोटो रिक्शा को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बड़ा गड्ढा होने के कारण कई बार तो टोटो रिक्शा सवारी लेकर गिर भी चुके है।बारिश के कारण लोग कीचड युक्त चलने को मजबूर है।स्थानीय लोगों ने वार्ड के विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों के प्रति उपेक्षा का भी आरोप लगाया है।लोगों का कहना है की सड़क व नाली निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।इधर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि जिलाधिकारी के समक्ष पीडब्लूडी व डूडा के अधिकारियों के साथ वार्ता कर सड़क निर्माण में आ रही दिक्कतों को दूर किया जायेगा।फिलहाल गड्ढों में गिट्टी व जेएसबी के लिए जेई को निर्देशित कर तत्काल गिरवाया गया है जिससे की लोगों को कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। जनता की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है।

## साहित्य में जौनपुर की अलग पहचानः एनपी सिंह



जौनपुर। जनपद की साहित्य में एक अलग पहचान है।यहां के कवियों ने अपनी कविताओं से समाज को संस्कारित करने का कार्य किया है।उक्त उद्गार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एनपी सिंह ने नगर स्थित क्षेम उपवन में जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित पौधरोपण के कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में साहित्य वाचस्पति डा. श्रीपाल सिंह क्षेम की कविता -जभी से जगे रे भाई तभी से सवेरा है, तथा पं. रूपनारायण त्रिपाठी की कविता- अभी तक आदमी बनकर तुम्हे जीना नहीं आया सम्मिलित किया गया है।इसके पूर्व उन्होंने क्षेम उपवन में स्थापित श्रीपाल सिंह क्षेम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पौधरोपण के उपरांत लोगों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम ने उन्हे बुके, शाल और कृष्ण द्वैपावन देकर सम्मानित किया। लोलारक दूबे, डा. मधुकर तिवारी, प्रदीप सिंह जयप्रकाश सिंह साथी, पं. रामदयाल द्विवेदी, डा. भारतेन्दु मिश्र, अखिलेश तिवारी अकेला, बेहोश जौनपुरी, राजेश मौर्य, देवांश सिंह, राजीव पाठक, भारती, शशिशेखर सिंह, आदि मौजूद रहे। स्वागत पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम, तथा आभार संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने किया।

## भंवरनाथ मंदिर में भीड़ को देखते रूट रहेगा डायवर्जन

आजमगढ़। सावन के प्रत्येक सोमवार को शहर के भंवरनाथ मंदिर में भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट का डायवर्जन किया है। रूट डायवर्जन रविवार को रात्रि 10 बजे से सोमवार शाम 10 बजे तक लागू रहेगा। अयोध्या मार्ग से आजमगढ़ की तरफ आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन भंवरनाथ फोरलेन से होते हुए अपने गंतव्य को जायेगे। आयोध्या मार्ग से आजमगढ़ शहर की तरफ आने वाले रोडवेज, प्राइवेट बसे भंवरनाथ चैराहा से शहर की तरफ आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। गोरखपुर मार्ग से आजमगढ़ की तरफ आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन हाफिजपुर चैराहा से बैठौली तिराहा, सिधारी हाइडिल चौराहा से नरौली तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जायेगे।

## पत्रकार के पितृशोक पर परिजनों से मिल मंत्री अनुप्रिया ने बंधाया ढांढस



मीरजापुर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने ग्राम खजूरी, विकासखंड सिटी, विधानसभा मझवां के निवासी तथा कौमी खबरें व वॉयस ऑफ लखनऊ के पत्रकार राजन राज शर्मा के पिता वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार स्वर्गीय तिलक राज शर्मा के दुःखद निधन पर परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।इस दौरान पत्रकार संतोष देव गिरि, चंदन दुबे, अपना दल एस नेता उदय पटेल, शंकर बिंद सहित भाजपा अपना दल के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

## शिव शक्ति महिला मंडल ने किया रुद्राभिषेक

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा लगातार श्रावण मास के तीसरे दिन रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।

सावन माह के तीसरे दिन रविवार को शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षिका विमला देवी, प्रियंका गुप्ता व लीलावती देवी, गोविंद गुप्ता, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, शिव शक्ति महिला मंडल की उपाध्यक्ष खुशबू मौर्य, विवेकानंद मौर्य, राकेश केसरी, राधिका केसरी, लकी केसरी, ऋषिता केसरी, पंडित रेवती नाथ त्रिपाठी, रामा त्रिपाठी, डाक्टर विजय, उर्मिला देवी, भईया लाल व करुणा सिंह, संध्या कुमारी, सपना देवी को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य राधे कृष्ण तिवारी ने दुध से रुद्राभिषेक पूजन कराया।भिक्षुक भिखारी रमाशंकर गिरी उर्फ जंगली बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल की ओर से प्रतिदिन सावन माह भर रुद्राभिषेक किया जाएगा। इस मौके पर साध्वी कृष्णावती, कालो देवी, हीरा, परमानंद मौर्य, इन्द्रपति पांडेय महाराज, सुखराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना महाराज, सुरेश महाराज, लालू महाराज, मिश्रा सागर महाराज आदि मौजूद रहे।इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।

## निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 128 बच्चों का चेकअप

मीरजापुर। पाल्क संस्था द्वारा आज सब्जी मंडी गली, गणेशगंज में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमे 128 बच्चों के साथ उनके अभिभावक को भी दंत परामर्श इंडियन डेंटल एसोसिएशन मीरजापुर के अनुभवी चिकित्सक व अध्यक्ष डॉ रश्मि बरनवाल, डॉक्टर सुरभी कसेरा, डॉक्टर शिवांगी शुक्ला, डॉक्टर अनामिका केशरी, डॉक्टर शिल्पी तिवारी के द्वारा दिया गया और बच्चों को मंच के माध्यम से भी बताया कि यदि बच्चें बड़े बूढ़े सभी प्रतिदिन सुबह व रात्रि में दांत साफ करने व अच्छे खान पान को अपने जीवन शैली में शामिल कर ले तो दांतो कि समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है, पहले पचास रजिस्ट्रेशन कराने वाले बच्चों को डेंटल ब्रश फ्री में बाटे गए, संस्था द्वारा सभी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर्स का माल्यार्पण कर व उनको सहयोग सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में संस्था की ओर से अर्चना खंडेलवाल, बिंदु रैदानी, दीपा उमर, सीता गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।

## सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

आजमगढ़। जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बिंद्रा बाजार-मेहनगर मार्ग पर मंगरवा रायपुर के चेवारिया के पास रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। मेहनगर-जाफरपुर से बिंद्रा बाजार की ओर आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी नील गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में स्कॉर्पियो में सवार दो युवकों, मुनीब यादव (22) पुत्र छोटे लाल यादव, निवासी कुद्दू परशुरामपुर और गोविंद यादव (22) पुत्र शंकर निवासी नगरइयाँ जहानपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य सवार, संतोष (28) पुत्र रामराज निवासी नगरइयाँ जहानपुर और बबलू (20) पुत्र राम अवतार, निवासी रसूलपुर माफी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदपुर ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, हादसे का कारण नील गाय को बचाने का प्रयास था, जिसके चलते चालक ने नियंत्रण खो दिया। मृतक मुनीब यादव की शादी को अभी केवल 11 महीने ही हुए थे, जिससे उनके परिवार में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर, छात्रा की मौत

आजमगढ़। महराजगंज कस्बे के राजेसुल्तानपुर रोड पर रविवार दोपहर करीब 11:30 बजे एक ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर में 8 वर्षीय छात्रा आयशा हुमैरा की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गोरखनाथ यादव (55) और 5 वर्षीय बालक अंशू गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पुराना चैक स्थित एक मदरसे से छुट्टी के बाद ई-रिक्शा बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रहा था। सैयद स्थान के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक चालक गोरखनाथ यादव, पुत्र रामनरेश यादव, बुरी तरह घायल हो गए। ई-रिक्शा चालक ने भागने की कोशिश में वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे रिक्शा सड़क किनारे नाली की पटिया की ओर चला गया। वहां बैठे विष्णू नगर वार्ड निवासी 5 वर्षीय अंशू रिक्शे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान ई-रिक्शा में सवार कक्षा तीन की छात्रा आयशा हुमैरा, पुत्री साजिद सिद्दीकी, झटके के कारण पास के विद्युत पोल से टकरा गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रिक्शे में फंसे बच्चों को निकाला और घायलों को नजदीकी चिकित्सक के पास ले गए। वहां आयशा को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां गोरखनाथ की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। अंशू का इलाज स्थानीय निजी चिकित्सालय में चल रहा है। मृत छात्रा के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम की सहमति नहीं दी, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## खाद के लिए किसान परेशान, सहकारी साधन समितियों का लगा रहे चक्कर



दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी क्षेत्र के सहकारी साधन समितियों पर खाद नही मिलने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना कि इस समय खेती किसानी का काम जोरों पर चल रहा है लेकिन डीएपी खाद नही मिलने के कारण मक्का, अरहर, तिल सहित अन्य फसलों की बुवाई पिछड़ रही है। जबकि कई ऐसे किसान हैं जो धान की नर्सरी डालने तथा कुछ किसान धान की रोपाई के लिए भी परेशान हैं। दुद्धी क्षेत्र में लैम्पस सहित कई सहकारी समितियां संचालित हैं लेकिन खाद उपलब्ध नही हैं इसलिए किसान सहकारी समितियों का प्रतिदिन चक्कर लगा रहे हैं और खाद आने की सूचना पूछ पूछकर अपने घरों को लौट जा रहे हैं। प्रमोद कुमार गुप्ता ग्राम डूमरडीहा, सुनील यादव, धर्म सिंह ग्राम रन्नू, सूरज पांडे ग्राम गड़दरवा, मनोज कुमार मौर्य ग्राम रजखड, कलावती देवी ग्राम बहेराडोल, सरिता देवी ग्राम बीडर, संगीता देवी ग्राम बिडर सहित अन्य किसान दुद्धी लैम्पस पर पहुंचे लेकिन खाद नही मिलने के कारण नाराजगी व्यक्त करते वैरंग वापस लौट गए। एडीओ को-आपरेटिव मनोज कुमार ने बताया कि कई सहकारी साधन समितियों पर खाद आ गया हैं, मशीन में लोड होने के बाद एक-दो दिन में खाद वितरण होगी।

### नैनो डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं ले रहे किसान

दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी क्षेत्र के सहकारी साधन समितियों पर नैनो डीएपी और यूरिया प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। लेकिन किसान उसे नही खरीद रहें हैं। उक्त बातें एडीओ को-आपरेटिव मनोज कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी और यूरिया खाद काफी मात्रा में उपलब्ध हैं, इसके लिए किसानों को समझाया जा रहा हैं क्योंकि विभाग द्वारा अब लिक्विड डीएपी और यूरिया ही चलन में रखने की व्यवस्था की जा रही हैं। उनका कहना हैं कि नैनो यूरिया और डीएपी किसानों के लिए काफी फायदेमंद हैं, इसे आसानी से किसान कही भी ले जा सकते हैं और पानी मिलाकर छिड़काव कर सकते हैं। जिसका असर सीधा फसलों पर होता है।

## वन भूमि की जोताई कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा, रेंजर ने कार्रवाई की कही बात

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज वनरेंज के बंजारी कलां वनक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर दो में शनिवार की देर रात वन भूमि की जोताई कर रहे एक ट्रैक्टर को वनविभाग की टीम पकड़कर वनरेंज कार्यालय ड्रमंडगंज ले गई। वनविभाग की टीम वन भूमि पर कब्जा करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं का पता लगाने में जुट गई है। शनिवार की देर रात क्षेत्रीय वन अधिकारी ड्रमंडगंज को वाचरों ने सूचना दी कि बंजारी कलां वनक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर दो में खेती करने के लिए वन भूमि की ट्रैक्टर से जोताई की जा रही है। सूचना पाकर देर रात रेंजर ड्रमंडगंज वन विभाग की टीम के साथ बंजारी कलां वनक्षेत्र में पहुंचे तो वहां ट्रैक्टर से वन भूमि की जोताई की जा रही थी। वनविभाग की टीम को देखते ही ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। वनविभाग की टीम ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर वनरेंज कार्यालय पर लाकर खड़ा कर दिया। रेंजर वी के तिवारी ने बताया कि अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा खेती करने के लिए करीब चार बीघा वन भूमि की जोताई की गई थी बिना नंबर के ट्रैक्टर को पकड़कर सीज कर दिया गया है। वन भूमि की जोताई करने वालों को चिंहित कर वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## बरसात के पानी में डूबी बस्ती की सड़क

मीरजापुर। लालगंज विकास खंड के कटाई गांव की मुख्य बस्ती में सड़क बारिश बंद होने के बाद अभी भी पानी में डूबी हैं। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। वाहनों से तो लोग किसी तरह यात्रा पूरी कर ले रहे हैं, लेकिन सबसे अधिक समस्या पैदल आने-जाने वालों को हो रही है। लोग हाथ में जूते-चप्पल लेकर रविवार को घरों से मुख्य रोड पर आते-जाते दिखे। कटाई गांव निवासी वरिष्ठ किसान नेता जगदीश सिंह पटेल, ब्रम्ह दत्त पटेल, पूर्व प्रधान विजय बहादुर सिंह पटेल विश्वनाथ पटेल संजय कुमार सिंह अजय कुमार आदि सड़क पर खड़े होकर जलजमाव से हो रही परेशानी को बताते हुए जिलाधिकारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट किया है। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किसान नेता जगदीश पटेल ने बताया की गांव की सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल पर मांग की गई हैं।

## बाइक की टक्कर से चालक व वृद्धा घायल

मड़िहान/मीरजापुर। संतनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर स्थित बनकी माइनर के पास लालगंज कलवारी संपर्क मार्ग पर रविवार सुबह लगभग 10 बजे अनियंत्रित बाइक की टक्कर से एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का एक हाथ और एक पैर फ्रैक्चर हो गया। वृद्ध महिला शान्ति देवी (75) घर के सामने सड़क पार कर रहीं थी, तभी अचानक कलवारी की तरफ से आ रहा बाइक सवार महिला को टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद महिला व बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। परिजन व ग्रामीण घायल महिला को मण्डलीय अस्पताल ले गए। बाइक सवार को हल्की चोट होने के कारण स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि बाइक की टक्कर से महिला घायल हुई है। पीड़िता के तहरीर के आधार पर कार्यवाई की जाएगी।

## शिवद्वार मन्दिर में अधिकारियों ने की बैठक

सोनभद्र। जिले का प्रसिद्ध मंदिर शिवद्वार धाम में शनिवार देर शाम प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडिशनल एसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने किया। श्रावण मास 2025 को शकुसल संपन्न कराने हेतु शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति शिवद्वार धाम के पदाधिकारियों/सदस्यो, क्षेत्रीय गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों का सुझाव लेकर मेला व्यवस्था को और कितना बेहतर तरीके से शकुसल संपन्न कराया जा सके जिसके मद्देनजर विस्तृत चर्चा हुई। एडिसनल एसपी द्वारा विद्युत विभाग, एडीओ पंचायत, जल विभाग, पीडब्ल्यूडी, नगर पंचायत, पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारियों से मेला व्यवस्था में कार्य का जायजा भी लिया। सभी कार्य को अति शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी घोरावल प्रदीप कुमार यादव द्वारा कहा गया कि श्रावण मेला व्यवस्था की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

